आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 6 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-246 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

सुशासन बना नक्सली हिंसा का जवाब : सीएम

रायपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के सुकमा में गुरुवार को एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने समर्पण किया है. छत्तीसगढ़ सरकार ने क्सलवाद के खिलाफ इस सफलता को लेकर अपने सोशल मीडिया में ट्वीट किया है. ट्वीट में लिखा है

कि सुशासन नक्सलियों के हिंसा का जवाब बना है. शासन की योजनाओं से प्रभावित होकर सुकमा में एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों के सामने भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ आत्मसमर्पण किया है. उन्हें पुनर्वास नीति के तहत सुविधाएं दी जाएंगी. बता दें, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव और लगातार हो रहे एनकाउंटर के चलते नक्सल संगठन कमजोर पड़ रहे हैं. हाल के महीनों में कई नक्सली नेता और मिलिशिया के सदस्य मारे गए हैं। इसी दबाव के कारण अब बड़ी संख्या में नक्सली हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं.

मरवाही वनमंडल में बाघ की दस्तक

गौरेला पेंड्रा मरवाही,6 दिसंबर। मरवाही वनमंडल में बाघ की दस्तक देखने को मिली है..वहां के ग्रामीणों ने मरवाही के



परासी इलाके में बाघ को देखा..जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद डीएफओ समेत फॉरेस्ट टीम मौके पर पहुंचकर मूवमेंट ट्रैक कर रहे हैं.वहीं मरवाही रेंज में बाघ के दस्तक की पुष्टि डीएफओ रौनक गोयल ने की है. बता दें कि वर्तमान में परासी गांव के किसान के खेत के आसपास बाघ की मौजूदगी देखी गई है।

बस्तर ओलंपिक के समापन पर शामिल होंगे गृह मंत्री अमित शाह

रायपुर,6 दिसंबर। बस्तर ओलंपिक्स के समापन समारोह में शामिल होने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री को आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. दिल्ली और महाराष्ट्र दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में नक्सली हमले में जवान के शहीद होने और भाजपा सरपंच को मारे जाने पर कहा कि मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जा रही है, जिसकी वजह से नक्सलियों में बौखलाहट है. वहीं सरकार के गठन को 13 दिसंबर को एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार के गठन को एक साल पूरे होंगे. जो काम जनता के लिए किए हैं, उसकी रिपोर्ट जनता को सौंपेंगे.

मकान व पैरावट में लगी आग

बलौदाबाजार ,6 दिसंबर। जिले के ग्राम खैरघटा में एक मकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया. आग लगने की घटना के समय परिवार के सदस्य घर में ही थे सभी ने समय रहते घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. वहीं आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हालांकि, आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. खैरघटा गांव निवासी शिवलाल यादव के घर में रात लगभग 8.30 बजे अचानक आग लग गई. घरवाले समय रहते घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे. भीषण आग में घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया. फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया गया है.

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सिंघवी की बेंच से मिली नोटों की गड्डी

नाराज सभापति, बोले- गंभीर मामला, जांच हो रही

नई दिल्ली,6 दिसंबर। राज्यसभा में अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से चेकिंग के दौरान नोटों के बंडल मिले। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं यहां सदस्यों को सूचित कर रहा हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सदन की नियमित तोड़फोड़ विरोधी जांच के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट नंबर 222 से नोटों की एक गड्डी बरामद की थी, जो वर्तमान में तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है।

धनखड़ ने आगे कहा कि मामला मेरे संज्ञान में लाया गया और मैंने यह सुनिश्चित किया कि इसकी जांच हो और यह जारी है। एलओपी राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मेरा अनुरोध है कि जब तक जांच नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं हो जाती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं बताया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद और वकील

अभिषेक मनु सिंघवी ने सफाई देते हुए कहा कि अब तक इसके बारे में कभी नहीं सुना था. जब मैं राज्यसभा जाता हूं तो 500 रुपये का एक नोट ले जाता हूं। मैंने इसके बारे में पहली बार सुना. मैं दोपहर 12.57 बजे सदन में पहुंचा और सदन दोपहर 1 बजे उठा, फिर मैं दोपहर 1.30 बजे तक कैंटीन में बैठा रहा और फिर मैं संसद से बाहर चला गया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों को लेकर शुक्रवार को लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों के विरोध जताने के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के एक मिनट के भीतर ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने दुबे के आरोपों से जुड़े विषय को उठाने का प्रयास किया, हालांकि आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, ''प्रश्नकाल है, क्या आप सदन नहीं चलाना नहीं चाहते? सदन मर्यादा, गरिमा और उच्च कोटि की परंपराओं से चलेगा। सदन के अंदर न गरिमा गिरने दूंगा और न मर्यादा कम होने दूंगा।''

डीएमएफ घोटाला: ठेकेदार मनोज द्विवेदी को ईडी ने किया गिरफ्तार

निलंबित आईएएस रानू साहू और माया वारियर के करीबी

रायपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के डीएमएफ घोटाले मामलें में शुक्रवार को ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है. निलंबित आईएएस रानू साहू और माया वारियर के करीबी डीएमएफ वेंडर मनोज कुमार द्विवेदी को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार, डीएमएफ वेंडर मनोज कुमार द्विवेदी ने काम दिलाने के नाम पर दूसरे ठेकेदारों से करीब 11 से 12 करोड़ रुपए की वसूली की. जिसके बाद इन पैसों को माया वारियर के जरिए रानू साहू तक पहुंचाने का आरोप है. जांच में ये भी सामने आया है कि मनोज कुमार द्विवेदी खुद उदगम सेवा समिति के नाम से एनजीओ का संचालन करता है. डीएमएफ का काम दिलाने के नाम पर वसूली गई रकम में से मनोज कुमार द्विवेदी पर करोड़ों रुपए कमाने का भी आरोप है. जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकाल कर सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमित की गई है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया है. जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40% सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में इसके लिए दिया गया है। प्राइवेट कंपनियों के टेंडर पर 15 से 20% अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने ली है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया था. रानू साहू जून 2021 से जून 2022 तक कोरबा में कलेक्टर थीं। इसके बाद फरवरी 2023 तक वह रायगढ़ की भी कलेक्टर रहीं। इस दौरान माया वारियर भी कोरबा में पदस्थ थीं। डीएमएफ की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को प्रदान की गई थी, जिसमें घोटाले का आरोप है। इसका प्रमाण मिलने के बाद ईडी ने माया वारियर की गिरफ्तार किया था।

टायर फटने से स्कॉर्पियो पलटी, दो महिला सहित तीन सवारों की मौत

सूरजपुर,6 दिसंबर। सूरजपुर में नेशनल हाइवे 43 पर देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो महिला समेत तीन सवारों की मौत हो गई. वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो सवारों को अंबिकापुर रिफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो सवार सात लोग अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ एक शादी समारोह में गए हुए थे, जहां से देर रात वापस अंबिकापुर लौटते समय चंदरपुर के पास टायर फटने से वाहन पलट गई. घटना में दो महिला और एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है. डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को अंबिकापुर रेफर कर दिया है. प्रत्यक्षदर्शी सुखलाल ने बताया कि रात करीब 3 बजे तेज आवाज सुनकर वहां पहुंचा तो देखा गाड़ी के चोरों चक्के ऊपर हैं, और लोग अंदर फंसे हुए हैं. लोगों की मदद से हमने सभी को बाहर निकला और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा. कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.



स्कूलों के पास नशीले पदार्थों की बिक्री कतई न हो: हाईकोर्ट

बिलासपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने चीफ सिकरेट्री से दोटूक कहा कि प्रदेश के स्कूलों व सार्वजनिक जगहों पर नशे के सामान की बिक्री किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए। कोटापा एक्ट में दिए गए प्रावधानों का कड़ाई से पालन हो, इस दिशा में राज्य सरकार को ठोस कदम उठाना होगा। पीआईएल की सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर से शपथ पत्र के साथ निगम सीमा के भीतर किए जा रहे रोकथाम के संबंध में जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। पीआईएल की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने सुनवाई 27 जनवरी, 2025 कर तिथि तय कर दी है।

बलौदाबाजार जिले के दो आदतन अपराधी जिलाबदर

बलौदाबाजार,6 दिसंबर। बलौदाबाजार जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर दो आदतन अपराधियों को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। जिलाबदर किए गए अपराधियों में संतोष कुमार पाड़े (40 वर्ष, ग्राम कुकराचुंदा, थाना हथबंद) और कृष्णा उर्फ सोनू चतुरे (22 वर्ष, ग्राम हथबंद, थाना हथबंद) शामिल हैं। ये दोनों ही अपराधी लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय थे और कई अपराधों में शामिल रहे हैं। यह कार्रवाई जिले में चल रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत की गई है। इस ऑपरेशन के तहत पुलिस प्रशासन अपराधियों पर लगातार नकेल कस रहा है। कई अन्य बदमाशों के

खिलाफ भी जिलाबदर की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। जिला प्रशासन का मानना है कि इन दोनों अपराधियों की गतिविधियों से जिले में कानून व्यवस्था खराब हो रही थी। इनके खिलाफ कई गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। इसलिए इन्हें जिले से बाहर करने का निर्णय लिया गया है।

पति के स्कूल के सामने पत्नी और पुत्री ने लगाई फांसी

सरगुजा,6 दिसंबर। जिले के कुत्री से मानवता को झकझोर कर रख देने वाली घटना आई सामने है. यहां शुक्रवार को शिक्षक पति के स्कूल के सामने पत्नी और पुत्री की फांसी पर लटकी लाश मिली है. घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. सूचना के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है. पूरा मामला कुत्री पुलिस चौकी इलाके का है. जानकारी के मुताबिक, कुत्री शासकीय माध्यमिक शाला के पास एक शिक्षक की पत्नी और पुत्री की पेड़ पर लटकी हुई लाश मिली है. मृतिका की पहचान मीना गुप्ता (35 वर्ष) और पुत्री आस्था गुप्ता (7 वर्ष) के रूप में हुई है. पति संजय गुप्ता हाई स्कूल कुत्री में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं. पति संजय और पत्नी मीना के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था.

सुप्रीम कोर्ट ने दलित पुरुष और गैर-दलित महिला की शादी को किया निरस्त

नई दिल्ली,6 दिसंबर। देश की सर्वोच्च अदालत ने संविधान के आर्टिकल 142 के तहत अपने अधिकार का उपयोग करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया. कोर्ट ने दलित पुरुष और गैर-दलित महिला की शादी को निरस्त कर दिया, साथ ही कोर्ट ने कहा कि पिछले छह वर्षों से अपनी मां के साथ रह रहे नाबालिग बच्चों के लिए अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहिए. जूही पोरिया (पूर्व में जावलकर) और प्रदीप पोरिया को तलाक देते हुए जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि गैर-दलित महिला शादी करके अनुसूचित जाति में शामिल नहीं हो सकती, हालांकि दलित पुरुष से जन्मे उनके बच्चों को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलेगा. 2018 में, कोर्ट ने फिर से कहा कि जन्म के आधार पर जाति तय होती है और विवाह से जाति नहीं बदल सकती. केवल इस तथ्य के कारण कि महिला के पति अनुसूचित जाति समुदाय से हैं, उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता है.मामले में, दोनों के 11 वर्षीय बेटे और छह साल की बेटी को एससी जाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है. दोनों ने छह वर्षों से रायपुर में अपने नाना-नानी के घर पर रहते हुए गैर-दलित मां के साथ रहता था. कोर्ट ने कहा कि मां-बाप के तलाक के बाद भी बच्चों को अनुसूचित जाति के तहत सरकारी शिक्षा और रोजगार के लाभ मिलेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने पति को छह महीने के भीतर बच्चों के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करने का आदेश दिया. न्यायालय ने पति को भी आदेश दिया कि वह आवासीय, ट्यूशन और प्रवेश शुल्क सहित पोस्ट-ग्रेजुएशन तक बच्चों की शिक्षा के लिए सभी खर्चों का भुगतान करे. पति ने पत्नी और बच्चों के जीवन भर के लिए 42 लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान किया है, साथ ही कोर्ट ने रायपुर में पति का एक जमीन का प्लॉट पत्नी को सौंपने का आदेश दिया है. अगस्त 2024 तक पीठ ने पति को एक दोपहिया वाहन खरीदने का आदेश दिया था. पीठ ने दंपति द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर क्रॉस-FIR सहित अन्य मामलों को खारिज कर दिया और महिला को निर्देश दिया कि वह बच्चों के पिता से समय-समय पर मिलने और छुट्टियों में उनके साथ समय बिताने की अनुमति दे. इसके अलावा, पीठ ने एक-दूसरे के खिलाफ दंपति द्वारा दायर क्रॉस-एफआईआर सहित अन्य मामलों को भी खारिज कर दिया. आपको बता दें कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 142 के तहत किए गए व्यापक हस्तक्षेप का एक और उदाहरण है, जो न केवल वैवाहिक विवादों को हल करता था, बल्कि बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य को भी बचाता था.

वायुयान विधेयक-2024 को मिली राज्यसभा की मंजूरी, सस्ती होगी हवाई यात्रा

नई दिल्ली,6 दिसंबर। चल रहे शीतकालीन सत्र के बीच, संसद ने एक विधेयक पारित किया जो विमान अधिनियम, 1934 को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है और विमानन क्षेत्र में निर्माण और रखरखाव, अतिरिक्त को दूर करने और व्यापार करने में आसानी प्रदान करता है। भारतीय वायुयान विधायक, 2024 के नाम से जाना जाने वाला विधेयक राज्यसभा में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू की चर्चा के जवाब के बाद ध्वनि मत से पारित हो गया। लोकसभा ने विधेयक को नौ अगस्त को पहले ही पारित कर दिया था। मंत्री ने हवाई टिकट की कीमतों में वृद्धि सहित कई मुद्दों पर सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। राममोहन नायडू ने कहा कि कहा कि विमानन क्षेत्र में लोगों को होने वाली परेशानियों से वह पूरी तरह वाकिफ हैं क्योंकि मंत्री बनने से पहले वह सांसद थे और उससे पहले एक यात्री। उन्होंने कहा कि किराए में जो अनियमिताएं हैं, उसके हरसंभव समाधान का हम प्रयास कर रहे हैं। टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को और मजबूत किया जा रहा है। कीमतों के बारे में एयरलाइन कंपनियों को भी संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई चप्पल से हवाई सफर कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना आधा सच हो गया है और इसे पूरा करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की तरफ से मेरा वादा है। नायडू ने कहा कि यात्री किराए का अधिकांश हिस्सा... तकरीबन 45 प्रतिशत... ईंधन की कीमतों में जाता है और ईंधन पर वैट राज्य सरकारें तय करती हैं।

रेत का अवैध खनन, 4 चेन माउंटिंग मशीन जब्त

आरंग,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के आरंग क्षेत्र के पारागांव रेत खदान में शुकवार को प्रशासन ने बड़ी

कार्रवाई की है. जहां महानदी का सीना चीर कर रेत उत्खनन कर रही चार चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया है. आरंग तहसीलदार सीता शुक्ला के नेतृत्व में खनिज विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है. इस कार्रवाई के बाद से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है. आपको बता दें कि रेत खदान में मशीनों के जरिए रेत उत्खनन पर पूर्णतः प्रतिबंधित है. इसके बावजूद पारागांव रेत खदान में 4 चेन माउंटेन मशीन से रेत निकाला जा रहा था। साथ ही महानदी में पानी के बीच से रैम बनाकर चैन माउंटिंग मशीन से रेत निकाला जा रहा था। पारागांव में हुई इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई कर रेत चोरों की कमर ही तोड़ दी है। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष लगातार कार्रवाई से आम जनता के बीच प्रशासन की सक्रियता देखने को मिल रही है।

शंभू बॉर्डर पर किसानों का हंगामा, दिल्ली जाने पर अड़े, ड्रोन से हो रही पहरेदारी

नई दिल्ली,6 दिसंबर। नौ महीने से अधिक समय से पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर डेरा डाले हुए किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित कई मुद्दों पर अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को संसद तक अपना विरोध मार्च फिर से शुरू करने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी से ही डटे हुए हैं। आज इन्हें दिल्ली रवाना होने नहीं दिया गया। इसको लेकर शंभू बार्डर में जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। किसान नेता सुरजीत सिंह फूल, सतनाम सिंह पन्नू, सविंदर सिंह चौटाला, बलजिंदर सिंह चडियाला और

मंजीत सिंह के नेतृत्व में 101 किसानों का एक समूह दोपहर 1 बजे शंभू बॉर्डर से दिल्ली की ओर मार्च शुरू करेगा. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर शंभू सीमा पर रहेंगे और उन 101 किसानों में से नहीं हैं जो राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करेंगे। विरोध को देखते हुए, हरियाणा के अंबाला जिले में 9 दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और उनके पास किसानों से निपटने के लिए पर्याप्त बल हैं। भारी बैरिकेडिंग की गई है और अंबाला प्रशासन ने पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पंधेर ने कहा कि किसान ट्रैक्टर लेने के बजाय पैदल मार्च करेंगे। पंढेर ने कहा कि हम पिछले आठ महीने से यहां बैठे हैं। इन आरोपों के जवाब में कि हमारे ट्रैक्टर संशोधित हैं, हमने पैदल दिल्ली तक मार्च करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को खाप पंचायतों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से समर्थन मिला है। किसान मुख्य रूप से फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं और इससे पहले उन्होंने 13 फरवरी और 21 फरवरी को दिल्ली की ओर मार्च करने का प्रयास किया था।

पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ऐतिहासिक पहल

8 बैंकों के साथ सैलरी पैकेज के लिए हुआ समझौता

रायपुर,6 दिसंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 8 प्रमुख बैंकों के साथ पुलिस सैलरी पैकेज के तहत समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौते में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस पहल को पुलिस कर्मियों के लिए सुरक्षा और सहयोग का एक मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता पुलिस विभाग के कर्मचारियों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल पुलिस कर्मियों को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा, बल्कि उनके परिवारों की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। यह पहल छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन और पारदर्शिता की नीति को और मजबूत करेगी और पुलिस कर्मियों के कार्यक्षमता और मनोबल में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस पहल को पुलिस विभाग के कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को यह स्वतंत्रता दी गई है कि वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार किसी भी बैंक में सैलरी खाता खोल सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार की बाध्यता या अतिरिक्त शुल्क नहीं होगा। सभी बैंकों से प्राप्त प्रस्ताव पुलिस इकाइयों को भेजे जाएंगे ताकि पुलिस कर्मी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सबसे उपयुक्त बैंक का चयन कर सकें। यह समझौता पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए कई लाभ प्रदान करेगा। इसमें सामान्य मृत्यु के मामलों में 1 लाख से 10 लाख तक की जीवन बीमा राशि, दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में 10 लाख से 1 करोड़ तक की सहायता, स्थायी विकलांगता के मामलों में 30 लाख से 1 करोड़ तक और आंशिक विकलांगता के लिए 22.5 लाख से 1 करोड़ तक की बीमा राशि का प्रावधान शामिल है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 4 लाख से 20 लाख तक और कन्या विवाह के लिए 5 लाख से 10 लाख तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी।

महासमुंद कलेक्टोरेट में भारी फोर्स तैनात

महासमुंद,6दिसंबर। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग से मारपीट का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। इसी मामले में आरोपी पूर्व पार्षद पंकज साहू ने भी दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। जांच जारी है लेकिन यह मामला लगातार गंभीर होते जा रहा है। इससे पहले नपा कर्मियों ने भी हड़ताल कर हजारों गैलन पीने का पानी बहा दिया और मूलभूत सुविधाएं प्रभावित की थी। अब इसी परिप्रेक्ष्य में सर्व अनुसूचित जाति समाज ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज पूर्व जनपद सदस्य गिरधर आवड़े के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सर्व अनुसूचित जाति के लोग बड़ी संख्या में सुबह 11 बजे दादा बाड़ा में पहुंचे। यहां से रैली के रूप में मुख्य मार्ग होते हुए रैली कलेक्टोरेट पहुंची। वहां समाज प्रमुखों ने कलेक्टर और स्क्र को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी। आवड़े का कहना है कि पलिकाध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं है तो आमजन कैसे सुरक्षित रहेंगे? हालांकि जांच में महासमुंद राशि महिलांग के दोषी पाए जाने पर भी वे उनके साथ खड़े रहेंगे जैसे सवालों के जवाब में सर्व अजा के पदाधिकारी चुप हैं, लेकिन उनकी मांग है कि नपा अध्यक्ष तथा उनके परिवार के खिलाफ दर्ज मामला खारिज हो। इस पर एसपी आशुतोष सिंह का कहना है कि पुलिस का अपना विवेक है और जांच में जो भी दोषी होंगे, उन पर जरूर कार्रवाई होगी। अतः पुलिस को निष्पक्ष जांच करने दें। जांच में किसी भी समाज के लोगों को बाधा नहीं बनना चाहिए।

निकाय,पंचायत चुनाव में जीत के लक्ष्य को लेकर सब मिलकर कार्य करें:भूपेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 6 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें दुर्ग के संभाग प्रभारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा दुर्ग जिला भाजपा निर्वाचन अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी वक्ता के रूप से विशेष तौर पर उपस्थित रहे ? मंचस्थ अतिथियों में जिला भाजपा संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, ग्रामीण विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, रविशंकर सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक,जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान प्रभारी राजेंद्र पाध्ये, जिला सह चुनाव अधिकारी उषा टावरी शामिल रहे। भाजपा संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने प्रदेश में भाजपा सरकार बनने में दुर्ग जिला संगठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए जिले की पांच में से चार सीट जीताने के लिए के लिए कार्यकर्ताओं को श्रेय देते हुए कहा कि कहा कि नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हम ऐतिहासिक जीत प्राप्त करके सरपंच से लेकर पार्लियामेंट तक हमारी सरकार हो, हमारे जनप्रतिनिधि हो इस लक्ष्य के साथ काम करें। जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि दुर्ग जिला भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर एक ऐतिहासिक परिणाम दिया और फिर संगठन पर्व में भी प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई, अब मंडल अध्यक्ष का जो चुनाव होना है, वह आपसी सामंजस्य से हो और पार्टी का अनुशासन भंग ना हो इसका ध्यान रखा जाए। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने हमें जो सदस्यता अभियान को लेकर टास्क दिया था उसमे से 94 प्रतिशत को ऑनलाइन मोड से ही पूर्ण करके लक्ष्य से पांच प्रतिशत ज्यादा सदस्यता की, इसी प्रकार सक्रिय सदस्यता में भी लक्ष्य से 10 प्रतिशत ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए है। दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं ने इन तीन सालों में पार्टी के हर लक्ष्य को पूरा किया है। संचालन जिला भाजपा महामंत्री और सह जिला चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कौशिक ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, नटवर ताम्रकार, दिलीप साहू, विनायक नातू, अलका बाघमार, अरविंदर खुराना, कांतिलाल जैन मंत्री पवन शर्मा, आशीष निमजे, रोहित साहू, दीपक चोपड़ा, मनोज मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सह मीडिया प्रभारी राकेश दुग्गड़, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढई, गिरेश साहू, लालेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, लीमन साहू, रोहित राजपूत, कृष्णा पटेल, फते लाल वर्मा, डॉ. सुनील साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष सोनी, गणेश निर्मलकर, सैयद आसिफ अली, रीता मेश्राम, नरेश तेजवानी, शिवेंद्र परिहार, अशोक कंडरा, कुणाल शर्मा, मौसमी ताम्रकार, शीतल ठाकुर, उदय शंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

कब्जाधारियों से आवास को कराया गया खाली

भिलाई, 6 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा 04 दिसम्बर 2024 को भी सेक्टर-06 एवेन्यू तथा अन्य सेक्टर्स से 15 आवासों से कब्जाधारियों से आवास को खाली कराया गया। इस प्रकार आज व कल की गई कार्यवाही के तहत कुल 37 आवासों को कब्जा मुक्त कराया गया है। सेक्टर-05 में अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर 22 बीएसपी आवासों से अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया।

पशुधव गृह एवं मांस विक्रय दुकानें रहेंगी बंद

भिलाई, 6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें दिसम्बर माह के 2 तिथियों में बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत संत तारण तरण जयंती 07 दिसम्बर दिन शनिवाद एवं गुरू घांसीदास जयंती 18 दिसम्बर दिन बुधवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा।

एक नजर

चाकू लेकर घूम रहे थे गिरफ्तार

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई चाकू लहराते हुए एक युवक को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद वैशाली नगर टीआई प्रभारी अमीत अंदानी ने बताया कि अवैध चाकू, कटर रखने वालो की धरपकड़ की प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 दिसंबर को थाना वैशाली नगर पुलिस टाउन पेट्रोलिंग पर रवाना हुई थी। इसी दौरान जैन टिम्बर आजाद चौक रामनगर के पास आम जगह में एक व्यक्ति अपने कमर में धारदार चाकू रखा था जिसे पुलिस पकड़ा गया जिसका नाम पूछने पर अपना नाम जानिसार खान उर्फ बहादुर खान (18 साल) निवासी रामनगर आजाद चौक जोशी लकड़ी टाल के पास वार्ड - 13 थाना वैशाली नगर का निवासी होना बताया।

बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र ननकटठी और बोडेगांव पुल के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने अधेड़ को ठोकर मार दी गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अधेड़ को अहिवारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने बताया कि अजय रावत पिता पुरुषोत्तम रावत ;25 वर्षद्ध ग्राम बिरेभाठ में रहता है रात 8 बजे करीब अजय रावत को जानकारी मिली कि ग्राम ननकटठी और बोडेगांव के बीच पुल के पास मोप्सापका चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया है चाचा अर्जुन रावत को डायल 112 से इलाज के लिए शास प्अस अहिवारा ले गये है जहां इलाज के दौरान अर्जुन रावत की मौत हो गई।

नगर निगम भिलाई के अभियंता एवं कर्मचारी हुए पदोन्नत

भिलाई, 6 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद के अधिकारिता के अधीन गठित पदोन्नत समिति के बैठक दिनांक 01.07.2024 के परिपेक्ष्य में महापौर परिषद द्वारा पारित संकल्प के अनुसार पदोन्नती के पुष्टि के परिपालन में सुनील कुमार जैन सहायक अभियंता को कार्यपालन अभियंता एवं के.के.गुप्ता सहायक अभियंता से कार्यपालन अभियंता तथा श्रीमती रीता चतुर्वेदी को सहायक ग्रेड-02 से सहायक कार्यालय अधीक्षक/सहायक ग्रेड-01 के पद पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पदोन्नत किया गया। बृहस्पतिवार 5 दिसंबर को आयुक्त द्वारा उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्य हेतु नगर निगम के कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आयुक्त को धन्यवाद देते हुए अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई दिए।

सेल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

भिलाई, 6 दिसंबर। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 3 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया। सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल में हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

ब्लास्ट फर्नेस-6 को कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः किया गया प्रारंभ

भिलाई, 6 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण कार्यक्रम की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल करते हुए कैपिटल रिपेयर के बाद 5 दिसंबर को ब्लास्ट फर्नेस-6 के स्टोव हीटिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस-6 को लाइट-अप कर स्टोव हीटिंग प्रक्रिया की शुरुआत की। व्यापक कैपिटल रिपेयर के बाद यह ब्लास्ट फर्नेस-06 के 5वें अभियान की शुरुआत को चिह्नित करता है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार सहित अन्य मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न विभागों ब्लास्ट फर्नेस, आरईडी, पीएलईएम विभाग के कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी और कैपिटल रिपेयर कार्य में शामिल एजेंसियों को बधाई दी व ब्लास्ट फर्नेस-6 टीम के सुरक्षित और कुशल कामकाज की कामना की।

65 वनरक्षकों की भर्ती से वंचित अभ्यर्थियों के लिए 8 दिसंबर को होगी फिर से परीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,6 दिसंबर। कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत 65 वनरक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षा 25 नवंबर 2024 से 8 दिसंबर 2024 तक शासकीय पी.जी. कॉलेज मैदान, कवर्धा में आयोजित की जा रही है। इस प्रक्रिया में कुल 29,892 अभ्यर्थियों ने भाग लिया है।जिन अभ्यर्थियों ने अस्वस्थता या अन्य कारणों से अपने प्रवेश पत्र में दिए गए तिथि और समय पर परीक्षा में भाग नहीं लिया था और जिन्होंने कार्यालय प्रमुख के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, उन्हें विभाग द्वारा एक और अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी अब 8 दिसंबर 2024 को प्रातः 6ः00 बजे पी.जी. कॉलेज मैदान, कवर्धा में अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि वंचित अभ्यर्थियों को यह आरक्षित तिथि विशेष रूप से उनके आवेदन के आधार पर प्रदान की गई है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करें।अधिक जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

रेलवे मंत्रालय ने रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल की

भिलाई, 6 दिसंबर। रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत, दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (कुल लंबाई 235 किमी) को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है- चरण-1, दल्लीराजहरा से रावघाट (95 किमी)। इस चरण में दल्ली राजहरा से तारोकी (77 किमी) तक की लाइन चालू कर दी गई है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल रु. 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। चरण-2ः रावघाट से जगदलपुर (140 किमी)। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इसके अतिरिक्त, कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, धमतरी से कोंडागांव (183.19 किमी) तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी।

भिलाई, 6 दिसंबर। ये लोहे के कबाड़ से बनी हुई मूर्तियाँ हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार बृजेश तिवारी ने बनाई हैं। उन्होंने लोहे के बचे हुए टुकड़ों और कबाड़ से वेल्डिंग करके इन्हें बनाया है और उसे पेंट किया है।

जिले में सस्ती दर पर मिलेगी सिटी बस सुविधा

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई, दुर्ग जिले में दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी माध्यम से सस्ते दर पर यात्री सिटी बस चलाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन को परमिट के लिए पत्र लिखा गया है। परमिट प्राप्त होते ही नगर निगम भिलाई दुर्ग क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर सिटी बस संचालित होने लगेंगी।

सेलूद के 24 कुंडीय महायज्ञ में सांसद विजय बघेल होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 6 दिसंबर। ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा दिनांक 02 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के चारो दिवस में विजय बघेल सांसद, श्रीमति रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री, डॉ दयाराम साहू पूर्व विधायक एवं श्रीमति हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य शामिल होंगे । सभी अतिथि ने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है । चारो ही अतिथि गायत्री परिवार से वर्षो से जुड़े है संस्था को हमेशा अपना योगदान देते आये है । उक्त मूर्धनयो के मार्गदर्शन में ही विशाल आयोजन होने जा रहा है द्य ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर चार दिनों तक भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है द्य जिसकी व्यापक तैयारी चल रही है द्य सेलूद ग्राम में पहली बार 24 कुण्डीय महायज्ञ होने जा रहा है जिसमे शामिल होने के लिए पूरे क्षेत्र की जनता के साथ साथ राजनेताओ का भी आगमन होने जा रहा है । अभी हाल ही में डॉ दयाराम साहू ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ चिन्मय पंड्या जी से मिलकर की आयोजन में आने की सहमति लेने हेतु बालाघाट के कार्यक्रम में गये हुए थे । डॉ दयाराम साहू जी को पूर्ण आश्वस्त किये है कि कार्यक्रम में जरूर आएंगे द्य मिल चुकी है द्य चारो दिवस में अलग अलग धार्मिक मूर्धन्य के साथ साथ दोनो ही पार्टी के वरिष्ठ नेता गन पहुंचने वाले है ।

पूरे क्षेत्र में दीपयज्ञ के माध्यम से ग्राम वासियो को निमंत्रित करने का कार्य निरन्तर जारी है द्य यज्ञ स्थल और भोजनालय के स्थान की साफ सफाई जारी है द्य कार्यक्रम की जागरूकता के लिए सुबह सुबह प्रभातफेरी की शुभारम्भ किया जा रहा है ।

मिशन वात्सल्य की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाहमुक्त भारत अभियान चला कर लोगों को कर रही जागरूक

कवर्धा,7 दिसंबर। महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य की टीम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। बोड़ला विकासखंड के विभिन्न गांवों, धान संग्रहण केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर लोगों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में इस अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

जागरूकता टीम द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इसके उल्लंघन परदोषी को 2 वर्ष तक की कठोर कारावास या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। यह भी बताया गया कि बाल विवाह में मदद करने वाले व्यक्तियों पर भी समान दंड का प्रावधान है। बाल विवाह बालिका और समाज के लिए बहुत गंभीर माना गया है। अभियान के दौरान यह बताया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को भी बाधित करता है। इसे समाप्त करने के लिए समाज, कानून और प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ लोगों को इस कुप्रथा के दुष्परिणामों को समझाना बेहद जरूरी है ? इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के साथ, राजाराम चंद्रवंशी, विभा बक्शी, अविनाश ठाकुर, सुरेश साहू, परमेश्वरी धुर्वे और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान में स्थानीय नागरिकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और बोड़ला नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर पशुधन का इलाज जारी

भिलाई, 6 दिसंबर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दो काजी हाउस संचालित हो रहे हैं। एक डी मार्ट के पास, दूसरा कोसा नाला में दोनों में सैकड़ो आवारा पशुधन रखे गए हैं। डी मार्ट में बछड़े, सांड इत्यादि पकड़ के रखा गया है एवं कोसानाला में गाय भैंसों को रखा गया है। पशुओं के चारे, पानी, इलाज की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। दुर्घटना से ग्रसित जानवर आपस में लड़कर घायल, बीमारी अवस्था में हैं, उन्हें लाकर भारती कर दिया जाता है। घायल व बीमार पशुओं को इलाज के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को पत्र लिखकर चिकित्सा दल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसी अंतर्गत संचालक पशु चिकित्सा विभाग द्वारा तीन सदस्य डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। जो दोनों कांजी हाउस में जानवरों का इलाज कर रहे हैं। बीमारी से यदि जानवरों की मृत्यु होगी तो उसका भी पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिससे यह ज्ञात हो सके जानवरों की मृत्यु किस कारण से हुई है। पशुओं के चारे के लिए ग्रामीण क्षेत्र से पर्याप्त मात्रा में पैरा, कुट्टी मंगाया गया है। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए बोर चालू किया गया है। हरे चारे की व्यवस्था की गई है। जिससे पशुओं को किसी प्रकार का तकलीफ न हो। चिकित्सा दल को प्रत्येक दिन आकर के शहरी काजी हाउस में जानवरों का इलाज करने का निर्देश मिला हुआ है। वे अपने दायित्वों का संपादित कर रहे हैं, इलाज के दौरान बताया गया कि बहुत से लोग खाने की सामग्री के साथ झिल्ली फेंक देते हैं। जानवर उसे खा लेते हैं इससे उनका पेट फूल जाता है। बीमार हो जाते हैं, नाक से पानी गिरने लगता है उनका इलाज मुश्किल हो जाता है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि खाने की सामग्री को झिल्ली पन्नी में रखकर मत फेके, जानवरों पर दया करें।

उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किए बिना कक्षा में जाने वाली महिला शिक्षकों को आयुक्त ने दी समझाइश

रिसाली। समय पर स्कूल आने का दावा कर सीधे क्लास में जाने वाले शिक्षकों को समझाइश दी गई। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम क्षेत्र के रूआबांधा व रिसाली स्थित शासकीय स्कूल का निरीक्षण की। शिक्षकों द्वारा तैयार डेली डायरी और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को देख आयुक्त ने सुझाव भी दिए। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा सबसे पहले पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूआबांधा पहुंचीं। उन्होंने प्रधान पाठक को सीधे उपस्थिति पंजी अवलोकन कराने निर्देश दिए। जांच में खुलासा हुआ कि दो महिला शिक्षक ज्योति शुक्ला और संतोष पवार समय में विद्यालय तो पहुंच गए हैं किन्तु परीक्षा की वजह से सीधे कक्षा में चले गए। वही सिल्पी सिंह के डेली डायरी अपूर्ण होने पर आयुक्त ने समय पर कार्य करने की समझाईश दी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को देखा। भोजन करने के दौरान बच्चों की आवाजाही से धूल उड़ने पर आयुक्त ने बच्चों को सुरक्षित जगह पर भोजन कराने की सुझाव दीं। निगम आयुक्त रूआबांधा स्कूल के बाद रिसाली प्राथमिक शाला का निरीक्षण कीं। इस दौरान यहाँ पर प्रधान पाठक के अलावा केवल दो महिला शिक्षक थीं। डेली डायरी कंप्लीट नहीं होने पर निगम आयुक्त ने समय पर कार्य करने के निर्देश दिए।

आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

भिलाई, 6 दिसंबर। यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के कार्मिकों की पत्नियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न कार्य क्षेत्रों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन 30 को किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः मानव संसाधन विभाग में किया गया, जिसमें यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के 20 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। इस अवसर पर यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के विभाग प्रमुख महाप्रबंधक विशाल गुप्ता, महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक इलियास अहमद, सहायक महाप्रबंधक पलवेंद्र सिंह, विभागीय सुरक्षा अधिकारी तथा मानव संसाधन विभाग से महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी, वरिष्ठ प्रबंधक राहुल थोटे, एमटीए सुश्री एस शिरीन सहित जसबीर सिंह, बहोरन लाल साहू, अति. श्रम कल्याण अधिकारी तथा राजेश काम्बले, सुश्री आसमा परवीन, सुश्री लक्ष्मी देवी साहू, भुवन लाल साहू एवं सुश्री सोनम रामटेके उपस्थित थे।

पीएम आवास आबंटन के लिए दावा-आपत्ति की तिथि निर्धारित

भिलाई, 6 दिसंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आवंटन हेतु किरायेदारी के रुप में निवासरत परिवारों से एवं वरिष्ठ नागरिकजन/दिव्यांगजन हेतु विभिन्न परियोजना स्थल एनार स्टेट खम्हरिया, वार्ड क्रण 01 सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डंस कुरूद, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड अविनाश मेट्रोपोलिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारों से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

एक नजर

अवैध शराब परिवहन करने वालों पर पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव 6 दिसंबर। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 04.12.2024 को सायबर सेल एवं चौकी चिखली पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर भेड़ीकला अग्रवाल पोहा मिल के पास अवैध शराब बिक्री हेतू परिवहन कर रहे आरोपी 01. प्रदीप कुमार पारधी पिता स्व0 प्रमोद पारधी उम्र 25 साल, 02. प्रकाश पारधी पिता स्व0 ज्ञानीलाल उम्र 22 साल साकिनान बोईरडीह ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के कब्जे से 120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब कुल 21600 एमएल कीमती 10800/- रूपये एवं मो.सा. क्र. सीजी 08 एस 8107 कीमती लगभग 25000/- रूपये जुमला कीमती 35800 रूपये को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया व आरोपियो से कड़ाई से पुछताछ करने पर आरोपी प्रकाश पारधी द्वारा उक्त 120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब को कुंदन चौधरी के कहने पर ले जाना बताने पर आरोपी कुंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी उम्र 21 वर्ष साकिन राजीवनगर वार्ड नंबर 42 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगावं को शीतला मंदिर तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।

यातायात पुलिस ने की शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 ड्राइवरों पर कार्रवाई

राजनांदगांव 6 दिसंबर। आज दिनांक 05.12.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा शहर के रेवाडीह अटल विहार चौक पेण्ड्री राजनांदगांव में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 04 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 मो.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें वाहन क्र. सीजी 08 एएन 7609 मो.सा. का चालक किरण साहू निवासी सुंदरा, वाहन क्र. सीजी 08 जेड ई 0587 मो.सा. का चालक गुन्नूराम निवासी तुमड़ीबोड़, वाहन क्र. सीजी 08 ए डी 4919 मो.सा. का चालक हीरामन साहू निवासी आरगांव एवं वाहन क्र. सीजी 08 ए जेड 1278 मो.सा. का चालक रिकेश कुमार वर्मा निवासी भरीटोला को वाहन चेकिंग के दौरान रोककर चेक करने से शराब सेवन करना प्रतीत होने पर ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने से मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एम.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा। वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ यातायात कार्यालय में रखा गया है। इसी प्रकार नो पार्किंग वाहनों में 20 कार्यवाही, दुपहिया वाहन में तीन सवारी में 07 कार्यवाही, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 05 एवं अन्य धाराओं में 20 वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 52 वाहन चालकों से 16600/- रूपये जुर्माना वसूल किया गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। सभी वाहन चालकों से अपील है कि शराब सेवन कर वाहन न चलायें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, दुपहिया वाहन में तीन सवारी एवं बिना हेलमेट लगाये न चलें। यातायात नियमों का पालन करें एवं दुर्घटनाओं से बचे।

पनियाजोब में वाहन जांच के दौरान वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 307 क्विंटल अवैध धान जब्त

राजनांदगांव 6 दिसंबर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी काछूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में निगरानी टीम द्वारा ग्राम पनियाजोब में वाहन जांच के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से आ रहे एक ट्रक में लोड 307 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम परियाजोब में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम तुमसर महाराष्ट्र से धमतरी धान परिवहन कर रहे ट्रक का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जप्ति की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ट्रक में 307 क्विंटल अवैध धान पाया गया। जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

हर गरीब का पक्का आवास का सपना हो रहा पूरा

■ **प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत जिले के 583 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का आवास स्वीकृत**

रायपुर, 6 दिसंबर। हर गरीब को रहने के लिए पक्का छत मिले इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच से ग्रामीण इलाकों में टूटे खपरैल और धसकती दीवारों के बीच जीवन यापन कर रहे गरीब परिवारों के लिए एक नए सपने से कम नहीं है। इस मिशन को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। चयनित पात्र हितग्राहियों के पक्के घर का सपना पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है।

महासमुंद जिले में इसका बेहतर क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। जिंदगी भर कच्चे मकान में रहने की दुःख से उबरते हुए अब गरीब परिवारों को भी पक्का छत नसीब हो रहा है। ग्राम बेमचा के श्रीमती शिवबती ध्रुव के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुआ है। पहली किस्त की राशि 40 हजार रुपए मिल चुका है। अब उनके सपनों की घर का बुनियाद पड़ गई है और जल्दी ही उनका घर बनकर तैयार हो जाएगा। अपने घर और पति के सपनों को प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि शादी के समय वे कच्चे खपरैल के घर में आई थी तबसे आज लगभग 25 वर्षों बाद उनका सपना पूरा हो रहा है। ऐसे ही हजारों हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ महासमुंद जिले में मिल रहा है। इस योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 के दौरान जिले में 73,266 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से अब तक 69,905 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 3,361 आवास निर्माणाधीन हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत महासमुंद जिले में 583 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का सर्वे एवं पंजीयन पूरा हो चुका है। सभी हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किया गया, जिनमें से 3 दिसम्बर तक 195 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 388 आवास प्रगतिरत हैं। जिसके तहत 579 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा किया गया है। इसी तरह 504 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 353 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 112 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि जारी किया जा चुका है।

दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने का रास्ता साफ

■ **प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसंबर। प्रदेश के दिवंगत शिक्षा कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने का रास्ता अब बिल्कुल साफ नजर आने लगा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान उनके आंदोलन को भाजपा ने समर्थन दिया था दिवंगत शिक्षक अनुकंपा नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सांसद एवं वर्तमान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पार्टी की नैतिकता को ध्यान में रखते हुए दिवंगत शिक्षक पंचायत शिक्षक अनुकंपा नियुक्ति संघ के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की सिफारिश की है जो की स्वागत योग्य है साथ सरकार से उम्मीद बढ़ गई है कि वे अनुकंपा की नियुक्ति दिलाने और विलंब नहीं करेंगे। दिवंगत पंचायत शिक्षक (शिक्षाकर्मी) की प्रदेश अध्यक्षा माधुरी मृगे के नेतृत्व में अनुकंपा संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमारी ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष मंगेश आर्य, पद्मनी चंदेल और भी अन्य सदस्य गण अनुकंपा पीड़ित परिवार ने बीजेपी राजनांदगांव के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव जी से मुलाकात करके अनुकंपा नियुक्ति के लिए अपने संघ का आवेदन सौंपे और माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा करके हमारी अनुकंपा नियुक्ति निराकरण योग्यता अनुसार जल्द आदेश जारी करने के लिए निवेदन किए पीड़ित परिवार ने चर्चा के दौरान बताया कि पूर्ववर्ती सरकार में माधुरी मृगे के नेतृत्व में पीड़ित परिवार बूढ़ा तालाब रायपुर में 307 दिन आंदोलन किये और इस आंदोलन के दौरान बीजेपी सरकार हमारे आंदोलन में आकर समर्थन दिए थे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव जी ने आश्वासन दिए हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा करेंगे जल्द योग्यता अनुसार आदेश करने की मांग करेंगे।

भगवान की प्रतिमा चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 6 दिसंबर। मंदीर से भगवान की प्रतिमा की चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी की माँग को लेकर चिद्दरो ग्राम वासियो के द्वारा डोंगरगढ़ चिद्दरो पहुँच मार्ग में घंटो चक्काजाम कर मौके पर उपस्थित अधिकारियों के नाम तीन सूत्रीय माँगो के साथ ज्ञापन सौंपा गया. प्राप्त समाचार बताया गया है कि 01 व 02 दिसम्बर की दर्मियानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा नाले के समीप स्थित महावीर मन्दिर व शंकर भगवान् के मंदीर से हनुमान जी व गणेश जी की प्रतिमा अज्ञात चोर चोरी कर लिया था. ग्रामवासियो की शिकायत पर 03 दिसम्बर 2024 को पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध चोरी और हिंदुओ की आस्था को आहत करने वाली धाराओ के मामला पंजीबुद्ध किया गया था. चोरी की घटना से ग्रामवासी आहत और आक्रोशित थे और इसी का परिणाम है कि आज समस्त ग्रामवासी सुबह 8.30 बजे से डोंगरगढ़ चिद्दरो पहुँच मार्ग पर चक्काजाम कर दिए. चक्काजाम की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार मुकेश ठाकुर, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा मौके पर पहुँचकर ग्रामवासियो को समझाईश दी और आश्वासन दिया गया कि सीसीटीवी फुटेज को खंघाला जा रहा है शीघ्र ही अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जायेगी. इसके पश्चात ग्रामवासियो ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंप कर प्रमुख रूप से तीन मांग की गई है कि विघुत मंडल द्वारा डोंगरगढ़ चिद्दरो पहुँच मार्ग पर सड़कबत्ती पोल लगाकर बिजली से प्रकाश की व्यवस्था करने व पुलिस प्रशासन द्वारा चिद्दरो मंदीर मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा के साथ साथ मंदीर का जीर्णोद्धार कराकर नवीन प्रतिमा का प्राणप्रतिष्ठा कर स्थापना प्रशासन व ग्रामीणों के सहयोग से कराने की मांग की गई है. एक घण्टा जाम के बाद यातायात इस मार्ग पर बहाल हो गया था. इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच लालचंद पटेल, कोमल निर्मलकर, हर्ष ठाकुर, छलुराम साहू, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

पिता की अर्थी को बेटियों ने दिया कांधा

राजनांदगांव 6 दिसंबर। डोंगरगांव। समीपस्थ ग्राम कबीर मठ नादिया में बेटियों ने अद्भुत मिशाल पेश की है उन्होंने अपने बाप की अर्थी को कांधा देकर समाज में बराबरी का संदेश दिया है। कबीर मठ नादिया के दिग्विजय साहू का देहांत हो गया जिसे उसके चारों बेटियों दिलेश्वरी, रितु, बबली और खोमलता द्वारा कांधा देकर विदा किया गया। ग्रामीण डिलेश्वर साहू ने संवाददाता को बताया कि दिवंगत दिग्विजय साहू श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिती कबीर मठ नादिया के संगीत कलाकार महंगू राम साहू के सुपुत्र थे। उनके श्रद्धांजलि सभा में धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब जी, जिला साहू संघ के संगठन सचिव श्री माधव साहू, युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री हिमांचल प्रसाद, डॉ. जामवंत साहू, डिसेन दास, अमरदास, भुवन साहू , डिलेश्वर साहू, भाई घनश्याम साहू, दुलेश्वर साहू, सुमन साहू सहित परिजन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए मेटाडोर से 48 क्विंटल अवैध धान जब्त

डोंगरगढ़ 6 दिसंबर। प्रशासनिक अधिकारी को आज एक और धान कोचिया गाड़ी को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है. ज्ञात हो कि 04 दिसम्बर महाराष्ट्र से आ रहे 18 चक्के ट्रक में 307 क्विंटल धान परिवहन करते धर दबोचा गया था और इसकी आग अभी ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि 05 दिसम्बर को पीएम केंद्रीय विद्यालय के पास अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए मेटाडोर से 48 क्विंटल अवैध धान की जप्ती बनाई गई है. प्राप्त समाचार बताया गया कि मेटाडोर क्रमांक सीजी 24 ई 4594 वाहन में योगेश साहू, चंदू सतनामी, उमेश साहू निवासी जालबाँधा के समीप ग्राम मरौदा के निवासी वाहन मालिक सोमेंद्र साहू के कहने पर 120 कट्टा धान 40 किलो की भर्ती को मेटाडोर में भरकर विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम मुरमुंदा निवासी उमेश साहू के यहाँ छोड़ने जा रहा था इसी बीच मंडी उड़नदस्ता टीम में सवार तहसीलदार मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर व कम्प्यूटर आप्रेटर धर्मेंद्र देवांगन के द्वारा मेटाडोर वाहन चालक जोगेंद्र निषाद के विरुद्ध मंडी अधिनियम की धारा 23 व 19(4) के तहत मामला बनाकर धान से भरे मेटाडोर की जप्ती डोंगरगढ़ थाने को सुपुर्द कर दिया गया है।

शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिले इसके लिए करें कार्य : कलेक्टर

राजनांदगांव 6 दिसंबर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विगत दिवस साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिले इसके लिए कार्य करना है। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए चिन्हांकित स्थलों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम टप्पा में 6 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी चल रही है। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में किसानों को धान बेचने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। किसानों के धान की तौलाई और स्टेकिंग समय पर हो जानी चाहिए।

ऑन द राइस मार्शल अकादमी संस्था के तीन खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पदक जीते

डोंगरगढ़ 6 दिसंबर। 16वीं छत्तीसगढ़ स्टेट एलिट पुरुष एवं महिला वर्ग बॉक्सिंग चैंपियनशिप का यह आयोजन 2 से 4 दिसंबर जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड सेक्टर भिलाई में आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 15-17 जिलों के बॉक्सर ने हिस्सा लिया और अपना दम खम जौहर दिखाया वही डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्ट संस्था से दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने रजत पदक, गौरव राव पिता नारायण राव कांस्य पदक, दुष्यंत पंडेरे पिता हेर सिंह पंडेरे संस्था के कोच मुकेश साहू ने बताया कि बॉक्सिंग या मुक्केबाज़ी एक ऐसा खेल है जिसमें दो लोग, समान वज़न के, एक-दूसरे पर दस्ताने पहनकर मुक्के मारते हैं यह एक युद्ध खेल है और मार्शल आर्ट है. इसमें प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए किक, टेक-डाउन या घुटनों, कोहनी या पिंडलियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता. बॉक्सिंग मैच को राउंड में बांटा जाता है. एक राउंड की अवधि तीन मिनट की होती है. बॉक्सिंग मैच एक रस्सी से बंधे क्षेत्र में होता है जिसे रिंग कहते हैं. बॉक्सिंग में जीतने के लिए साहस और कौशल की ज़रूरत होती है. मुक्केबाज़ी में, मुक्केबाज़ अपने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट करके जीत सकता है या फिर ज़्यादा अंक हासिल करके भी जीत सकता है बॉक्सिंग में, जज हर राउंड के बाद अलग-अलग स्कोर करते हैं। बॉक्सिंग में, मुक्केबाज़ों को सुरक्षा के लिए दस्ताने, हैंड रैप्स, और माउथगार्ड पहनने होते हैं डोंगरगढ़ में विगत दो सालों से स्कूल कॉलेज ओपन नेशनल के लिए बच्चों को तैयार कर रहे है पिछले वर्ष में 2 बॉक्सर इंस्ट जोन विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किए और इस वर्ष दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने ऑल इंडिया बॉक्सिंग में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कोच मुकेश साहू ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संस्था के सचिव चूड़ामणि ठाकुर ने बताया कि यह स्टेट चैंपियनशिप में बच्चे स्वर्ण पदक जीतने के बाद नेशनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करेंगें और अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

छत्तीसगढ़ के किसान कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाले : प्रतीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसंबर। धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए कांग्रेस के नेताओं पर जमकर निशाना साधा है। यह बात कहते हुए जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर छत्तीसगढ़ प्रदेश व ज़िले के किसानों को गुमराह कर रहे हैं। श्रीमति भंडारी ने आगे कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून- व्यवस्था को लेकर नया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे। कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फंसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुँह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नही आ रही है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 किंटल धान की खरीदी कर रही है। जिससे आज प्रदेश का किसान खुशहाल है।

चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने चार बूथ अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसंबर । भारतीय जनता पार्टी चुनाव महापर्व अभियान के तहत अपने मिशन में युद्ध स्तर पर जुट चुकी है। शक्ति केंद्र क्रमांक 9 के चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न करने हेतु मंडलों में जितने भी बूथ है सभी के चुनाव संपन्न करने हेतु बूथ अध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। इसी तारतम्य में चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने वार्ड क्रमांक 42 व 46 में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते हुए फॉर्म 7 के तहत प्रस्तावक एवं सहमति का पूर्ण रूप से पालन करते हुए बूथ क्रमांक 51 में आजूराम साहू की बूथ अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। इसी तरह से बूथ क्रमांक 54 में विजय देवांगन, बूथ क्रमांक 53 में शिव साहू एवं बूथ क्रमांक 55 में टिकेश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनाए गए। बैठक शीतला मंदिर बसंतपुर में रखी गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव प्रवीण यादव, शिव कुमार, रामेश्वर यादव, टिलेश्वर ठाकुर, तीरथ साहू, धनेश कुमार यादव, अजनू साहू, खिलेन्द्र कुमार सेन, बिजय देवांगन, राजा साहू, नरेन्द्र यादव, संतोष यादव, सोमश कुमार साहू, मेमदास साहू, , लता देवांगन, संतोषी देवांगन, मोतिम मंडावी, अमरौतिन यादव, पार्वती साहू, सुनील कुमार उइके, उमेश मेश्राम, हेमू राम सेन, सुनील, मोहन सिंह, नरेश सारथी, मर्यक, रामशरण गुप्त, सालिक यादव आदि बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बाजार क्षेत्र के 15 दुकानदारों पर 10 हजार 2 सौ रुपये जुर्माना एवं 5.50 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की

प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की टीम ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसंबर। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाजार क्षेत्र गुडाखू लाईन, जुनीहटरी के दुकानो में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वाले 15 दुकानदारों से कार्यवाही के तहत 10 हजार 2 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 5.50 किलो पालिथिन जप्त किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज बाजार क्षेत्र गुडाखू लाईन जुनीहटरी के बजाज प्लास्टिक पर 3 हजार रूपये, देवांगन चना दुकान पर 2 हजार रूपये, अरिहंत ऐजेन्सी एवं प्रकाशचंद नेमीचंद चना दुकान से 1-1 हजार रूपये, प्रकाश फुट व सुनील फुटवेयर से 5-5 सौ रूपये, बंसत किराना स्टोर, गंगा चना दुकान, उमेशचंद कृष्ण कुमार किराना स्टोर व शंकर ट्रेडर्स से 3-3 सौ रूपये, सुहानी अण्डा दुकान, मोहन टोस्ट, किशोर फल, नानक फल व हरहर महादेव फल दुकान से 2-2 सौ रूपये कुल 10 हजार 2 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया एवं 5.50 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक भी जप्ती की गयी। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।

संपादकीय

फडणवीस का दावा सबसे मजबूत था

महाराष्ट्र सीएम को लेकर 11 दिनों तक तरह तरह की अटकलें लगाई जाती रहीं कि सीएम फडणवीस बनेंगे या नहीं,उनकी जगह किसी नए चेहरे को तो सीएम नहीं बना दिया जाएगा। एकनाथ शिंदे कोई खेला तो नहीं कर देंगे। चुनाव में तो 160 मराठा विधायक चुन कर आएं है, गैर मराठा को महाराष्ट्र का सीएम कैसे बनाया जा सकता है। हर रोज एक नई कहानी सामने आती थी लेकिन हुआ वही जो भाजपा, महाराष्ट्र के हित में था। देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र की सीएम बनाने का फैसला किया गया। देवेंद्र का दावा सीएम के लिए बहुत मजबूत था, उनके मुकाबले में कोई नहीं था क्योंकि वह भाजपा का महाराष्ट्र में चेहरा है, भाजपा ने उनके नेतृत्व में 135 सीटें जीती है, वह संघ व मोदी-शाह की पसंद थे क्योंकि उनको सरकार चलाने का अनुभव है, हर स्थिति में सरकार चलाने का अनुभव है। वह राजनीतिक रूप से इतने लचीले हैं कि हर स्थिति के अनुरूप खुद को ढाल लेते हैं, उनको सीएम बना दिया जाए तो पांच साल सरकार बखूबी चलाकर दिखा देते हैं,उनको डिप्टी सीएम बनने को कह दिया तो ढाई साल डिप्टी सीएम बनकर काम करके दिखा दिया। जब भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं तो इसका मतलब है कि जनादेश भाजपा को मिला है, यानी देवेंद्र को मिला है। सीटें तो ज्यादा शिंदे व अजीत को भी ज्यादा मिली है लेकिन उनके मेहनत के साथ ही भाजपा के साथ रहने का कारण मिली है। भाजपा की विकास व हिंदुत्व की राजनीति के कारण मिली है। जातिवाद के खिलाफ हिंदुत्व की राजनीति के कारण मिली है। इसमें सहयोग एकनाथ शिंदे का भी है, संतों का भी, आरएसएस का भी है। लेकिन जीत का श्रेय किसी एक व्यक्ति तो देना हो तो यह श्रेय देवेंद्र फडणवीस को ही दिया जा सकता है, उन्होंने गैर मराठा होते हुए भी मराठा बहुत प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। यह कोई आसान काम नहीं था, देवेंद्र ने यह मुश्किल काम करके दिखाया। इस राजनीतिक सफलता से देवेंद्र का कद अब महाराष्ट्र में तो बहुत ऊंचा हो गया है। इसके साथ ही उनका कद राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा है, वह अब हेमंता,योगी की श्रेणी के नेता माने जा सकते हैं। देवेंद्र का कद बढ़ने पर मोदी शाह विरोधियों ने एक कहानी गढ़ी थी कि शाह देवेंद्र को महाराष्ट्र का सीएम नहीं बनने देना चाहते क्योंकि उनका कद और बढ़ जाएगा तो वह शाह के लिए खतरा हो जाएंगे। इस कहानी में कोई दम नहीं था क्योंकि मोदी शाह तो शुरू से देवेंद्र के साथ थे, वह सिर्फ इतना चाहते थे कि महाराष्ट्र में सीएम को फैसला हो तो ऐसा न लगे कि भाजपा ने अकेले फैसला कर लिया, वह चाहते थे कि महाराष्ट्र के सीएम का फैसला महायुति को करना चाहिए। जो भी महाराष्ट्र का सीएम बने वह महायुति को सीएम बनेगा इसलिए नाराज शिंदे को मनाने का प्रयास किया गया और इसमें काफी वक्त लग गया। देवेंद्र फडणवीस आखिर परीक्षा में भी पास हुए वह खुद शिंदे से मिलने गए और उनको डिप्टी सीएम बनने के लिए मना लिया। उन्होंने शिंदे को समझाया होगा कि सीएम महायुति को कोई भी हो काम तो तीनों को मिलकर करना है, सीएम व दो डिप्टी सीएम को। यानी देवेंद्र शिंदे को यह समझाने में सफल रहे कि तीनों समान रहेंगे जैसे उनके समय में थे, शिंदे सीएम थे और देवेंद्र व अजीत डिप्टी सीएम थे तो जैसे काम किया जाता था, वैसे ही काम किया जाएगा और शिंदे को यह बात समझ में आ गई होगी क्योंकि उनको जो कई तरह का डर सता रहा था, उस डर को देवेंद्र समाप्त करने में सफल रहे हैं। राजनीति में डर और लालच के कारण ही आदमी गलत कदम उठाता है। शिंदे की नाराजगी के पीछे यही डर था,यही वजह है कि वह सीएम बने रहना चाहते थे, यह जानते हुए भी कि उनके पास इसके लिए आंकड़े नहीं है। शाह ने तो उनसे साफ कह दिया था वह जैसा चाहते है,वैसा तो कहीं होता नहीं है। किसी गठबंधन में नहीं होता है। एमवीए में यही तय हुआ था कि जिसकी ज्यादा सीटें आएंगी,सीएम उसका बनेगा। चुनाव में सीएम इस आधार पर तो तय नहीं होता है जनता चाहती है, मैंने ढाई साल अच्छा काम किया है। शिंदे यह कहते वक्त भूल जाते हैं कि वह सीएम भी भाजपा के कारण बने थे और अच्छा काम भी मोदी व शाह के समर्थन के कारण कर सके थे। शिंदे को तो इस बात पर खुश होना चाहिए कि भाजपा ने उनको सीएम बनने का मौका दिया, अ्च्छा काम करने का मौका दिया जिससे वह खुद को असली शिवसेना साबित कर सके और खुद को उध्दव से बेहतर सीएम व नेता भी साबित कर सके। अगर वह नाराज न हुए होते तो मोदी व शाह की नजर में वह ज्यादा भरोसे के नेता होते। नाराजगी की वजह से वह अब मोदी व शाह के लिए कम भरोसे के नेता हो गए हैं। उनकी तुलना में अजीत को कम भरोसे का नेता माना जा रहा था जबकि अजीत पवार शिंदे से ज्यादा भरोसे के नेता साबित हुए हैं। शिंदे भले ने माने की भाजपा ने उनको बड़ा नेता बनाया है लेकिन अजीत पवार मानते हैं कि उनको भाजपा ने इतना बड़ा नेता बना दिया है जितना बड़ा नेता वह एनसीपी में रहते नहीं बन पाए थे। एनसीपी में अजीत पवार की अपनी कोई जीत नहीं होती थी जो जी जीत होती थी वह शरद पवार के कारण होती थी। पहली बार भाजपा ने अजीत पवार को खुद को शरद पवार से बेहतर नेता साबित करने का मौका दिया और अजीत पवार इसमें सफल रहे। पहली बार जीत का श्रेय अजीत पवार को मिला है तो भाजपा के कारण। जहां तक महाराष्ट्र का बड़ा नेता अब कौन है तो सवाल नहीं उठता है कि सब यही कहेंगे कि देवेंद्र फडणवीस। शरद पवार कभी थे। कभी शरद पवार के कारण फडणवीस को 80 घंटे की सीएम बनना पड़ा था।देवेंद्र को शरद पवार के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। तब देवेंद्र ने शरद पवार से कहा था कि एक दिन लौटूंगा मैं समंदर की तरह,वह लौटे और शरद पवार का सब कुछ समाप्त हो गया है

विदेश | राकेश अचल

बांग्लादेश में हिन्दुओं का आर्तनाद और भारत सरकार की भूमिका

बांग्लादेश में आज हो रहे घटनाक्रम को देखकर मुझे 53 साल पहले की वे घटनाएं याद आ रहीं हैं जो बांग्लादेश बनने के पहले पाकिस्तान के बंगाल में हो रही थीं। उस दौर में भी तत्कालीन पाकिस्तानी सत्ता ने बंगालियों पर बर्बरता की तमाम हदें तोड़ दीं थीं। पीडितों का आर्तनाद सुनकर भारत की तत्कालीन सरकार ने उस समय जो कदम उठाये थे ,उनके बारे में आज कोई सोच भी नहीं सकता,तब भारत के फील्ड मार्शल मानेक शा और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थी। आज भी बांग्लादेश में परिस्थितियां विकराल हैं और भारत की ओर से ऐसे ही कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस मामले में भारत सरकार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ये हकीकत है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर ज्यादती बांग्लादेश का आंतरिक मामला है लेकिन जब इस घटनाक्रम से भारत का जन मानस उद्वेलित है तो भारत की सरकार को भी कुछ तो सोचना चाहिए। मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत ने अघोषित रूप से बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण दी हुई है उसी तरह उसे बांग्लादेशी हिन्दुओं पर ज्यादतियों को लेकर बांग्लादेश की मौजूदा अस्थाई सरकार पर दबाब डालकर हिंसा को रोकने के प्रयास करना चाहिए। जरूरी नहीं है कि इसके लिए बांग्लादेश पर हमला किया जाये ,लेकिन बांग्लादेश को कड़ी चेतावनी तो दी ही जा सकती है।

भारत में चौतरफा धर्मध्वजाएं लेकर मार्च करने वाले जनमानस और धार्मिक नेताओं को भी इस मुद्दे पर सरकार पर दबाब डालना ही चाहिए । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के ऊपर जिस तरह का अत्याचार हो रहा है ,वो साफ तौर पर सत्ता पोषित है। ये सब करने की हिम्मत बांग्लादेश की सत्ता में कहाँ से आयी होगी इसका अनुमान लगाया जाना चाहिए। असहिष्णुता और नफरत की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। आज बांग्लादेश में सत्तापोषित

नफरत फल-फूल रही है इसीलिए भारत सरकार को इस मामले में कड़ा हस्तक्षेप करना चाहिए। हैरानी की बात ये है कि भारत की जो सरकार रूस और यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए दखल कर सकती है वो सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही ज्यादतियों के मामले में दखल नहीं दे पा रही है। मुमकिन है कि उन्हें आशंका हो कि बांग्लादेश उनसे अपेक्षित सौजन्यता न दिखाए। बांग्लादेश में इस समय सत्ता की बागडोर जिन हाथों में है उन हाथों में शांति का नोबल पुरस्कार भी आ चुका है ,फिर भी वे हाथ अपने यहां साम्प्रदायिक हिंसा को नहीं रोक पा रहे हैं। साम्प्रदायिक हिंसा बांग्लादेश में हो या किसी और देश में आसानी से रोकी भी नहीं जा सकती । हमारे यहां मणिपुर में तो साम्प्रदायिक हिंसा को डेढ़ साल हो चुके हैं। हम मणिपुर को नहीं सम्हाल पा रहे तो कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि बांग्लादेश अपने यहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर होने वाली हिंसा को सम्हाल लेगा ? साल भर पहले तक बांग्लादेश भारत का प्रिय मित्र था। बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के समय उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने दिल्ली भी आयीं थीं , उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को बांग्लादेश आने का निमंत्रण भी दिया था ,लेकिन वे शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहते बांग्लादेश जा नहीं पाये । बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्ता पलट होने के बाद अंतरिम सरकार से भारत की बन नहीं पायी ,उलटे भारत-बांग्लादेश के संबंधों में कड़वाहट शुरू हुई और अब चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद दोनों देशों के बीच काफी तल्ख कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है।बीते दिनों बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल तो कह चुके हैं कि ''भारत को ये समझना होगा कि ये शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है''। अब पता नहीं कि भारत आसिफ नजरुल की बात समझा है या नहीं ? बावजूद इसके भारत सरकार ने शेख हसीना को बांग्लादेश की मौजूदा सरकार के सुपुर्द नहीं किया है। रार की असली वजह शायद यही है।

हमें याद रखना चाहिए कि भारत और बांग्लादेश चार हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करते हैं और दोनों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा भारत और म्यांमार से लगती है लेकिन उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगती है इसलिए बांग्लादेश को 'इंडिया लॉकड' देश कहा जाता है। इतना ही नहीं बीते कुछ सालों में बांग्लादेश, भारत के लिए एक बड़ा बाजार बनकर उभरा है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। वर्ष 2022-23 में बांग्लादेश भारत का पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार बन गया। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 15.9 अरब डॉलर का था। अब भारत के सामने एक ही विकल्प है कि भारत बांग्लादेश को अपना भूभराकर स्वरूप दिखा। हड़काये ,पाबंदियां लगाए, अंतर्राष्ट्रीय दबाब बनाये ,अन्यथा बांग्लादेश भी पाकिस्तान के बाद भारत का एक स्थाई दुश्मन बन जायेगा। बांग्लादेश की मौजूदा सत्ता का झुकाव इस समय भारत के बजाय चीन की ओर है , तय है कि बांग्लादेश इसीलिए भारत के दबाब में आ नहीं रहा है।भारत को बांग्लादेश के मौजूदा शासकों को अतीत की याद दिलाना चाहिए। यदि भारत की मौजूदा सरकार बांग्लादेशी हिन्दुओं की हिमायत करने में नाकाम रही तो आप तय मानिए कि बांग्लादेश में हिन्दुओं का कोई खैरख्वाह नहीं बचेगा। पहले से विदेश नीति के मोर्चे पर हिचकोले खा रहे भारत के लिए ये एक मौका है जब वो अपना वजूद प्रमाणित कर सकता है। देखिये आने वाले दिनों में बांग्लादेशी हिन्दू राहत की सांस ले पाते हैं या नहीं ?

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपने घर की सुख सुविधाओं की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपको कोई जिम्मेदारी मिल सकती है। बिजनेस में यदि आपने पार्टनरशिप कर रखी थी, तो आपको उस पार्टनरशिप से धोखा मिलने की संभावना है, इसलिए आप किसी दूसरे पर काम को लेकर ज्यादा डिपेंड ना रहें। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे और आपका वह काम पूरा भी आसानी से होगा। आपको अपनी गलतियों से सबक लेने की आवश्यकता है। आपकी सेहत कमजोर रहने से आप परेशान रहेंगे। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको अपने परिवार के सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिलेगी। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिल सकती है। आप किसी खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आपने किसी से कोई वादा किया है, तो आप उसे समय रहते पूरा करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। किसी धार्मिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आज आपकी मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे परेशान रहेंगे। माताजी आपको कोई काम सौंप सकती है, जिसे आप समय रहते पूरा करेंगे। आपको वरिष्ठ सदस्य कोई सलाह दे, तो आप उस पर पूरा ध्यान दें। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट आप सोच समझ कर करें। आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है। संतान आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का आपको लाभ मिलेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है। किसी काम को लेकर आपको मेहनत अधिक करनी होगी, तभी वह पूरा होगा। आपके मन मुताबिक काम न मिलने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। यदि आपने पार्टनरशिप में किसी काम की शुरूआत की थी, तो उसमें कोई लड़ाई-झगड़ा उत्पन्न हो सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उसे पर पूरा ध्यान दें।

तुला- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। यदि आपको उसे पूरा करने की आवश्यकता है। आपका कोई मित्र आपके लिए धन संबंधी प्लान लेकर आ सकता है, जिस पर आप अमल बहुत ही सोच समझकर करें। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक रहेगी। किसी से कोई बात सोच समझ कर बोले। आपको किसी पारिवारिक मामले को लेकर टेंशन बनी रहेगी। किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती हैं और कोई बड़ी-बड़ी बीमारी बन सकती है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर कार्य क्षेत्र में दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं खड़ी हो सकते हैं। आपको अपने किसी काम को दूसरे के भरोसा नहीं छोड़ना है, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी। आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी स्कॉलरशिप से संबंधित परीक्षा को दिया, तो उसमें आप पूरी मेहनत अवश्य करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोग किसी बड़े नेता से मिल सकते हैं। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। यदि आपने किसी मकान, दुकान आदि को लेने का सोचा है, तो उसके लिए आपको लोन आदि लेना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष आपको धन का लाभ मिलेगा। आपको अपने कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने के लिए रहेगा। आप कामों में व्यस्त रहने के कारण अपने शारीरिक समस्याओं का ध्यान कम देंगे, जो लोग रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को किसी दूसरे के सामने उजागर नहीं करना है, नहीं तो वह इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आपके ऊपर यदि कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपका थोड़ी टेंशन रहेगी। आपका कोई सहयोगी आपके कामों में भी विघ्न डालने की कोशिश करेगा। आपको अपनी कामों को लेकर योजना बनाकर चलने के आवश्यकता है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

(सम-सामयिक)

इंसान नहीं है एआई चैटबॉट

सुनील कुमार महला

विज्ञान और तकनीक ने मानव को क्या नहीं दिया है ? मतलब यह है विज्ञान और तकनीक ने मानव को बहुत कुछ दिया है। आज एआई चैटबॉट का कंसेप्ट दुनिया में लगातार लोकप्रिय हो रहा है।एआई चैटबॉट्स की खास बातें यह हैं कि ये वास्तविक इंसान की तरह बातचीत कर सकते हैं। ये मानव भाषाओं का यथा उनकी शब्दावली, व्याकरण, कठबोली और संदर्भ में विश्लेषण करने के लिए एडवांस एन.एल.पी.(नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग) का उपयोग करते हैं। वास्तव में ये टेक्स्ट और कॉन्वर्सेशन की महीन से महीन स्टडी कर सकते हैं, क्यों कि ये डेटा से प्रशिक्षण लेकर मशीन लर्निंग पर काम करते हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ये तुरंत कोई भी रिएक्शन जनरेट कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट्स के पास तथ्यों और सूचनाओं का विशाल डेटाबेस उपलब्ध होते हैं, जिसका उपयोग वे लगभग किसी भी विषय पर ज्ञानपूर्वक चर्चा करने के लिए कर सकते हैं। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लगातार आगे बढ़ रही है और एआई चैटबॉट्स एक यूनिक पर्सनालिटी की भांति काम करने लगे हैं। एआई चैटबॉट मनुष्य को किसी रीसिपी में मदद कर सकते हैं, विभिन्न भाषाओं में बातचीत कर सकते हैं, विभिन्न विषयों पर बहस कर सकते हैं, विचारों को विकसित कर सकते हैं, जीवन के विभिन्न पहलुओं, चीजों पर हम एआई चैटबॉट्स की राय ले सकते हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि आज एआई के एडवांस होने के साथ ही साथ एआई चैटबॉट काफी अधिक स्मार्ट हो चुके हैं। संक्षेप में यह बात कही जा सकती है कि आज एआई चैटबॉट्स त्वरित और सटीक जानकारी देने, विभिन्न कार्यों में मनुष्य की सहायता करने, भाषा कौशल(लैंग्वेज स्किल्स) का अभ्यास करने, लेखन में सुधार करने, कोडिंग सिखाने और मनोरंजन करने की क्षमता के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं। सच तो यह है कि आज जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए चैटबॉट की ओर लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। यहां तक कि रिश्तों और भावनाओं को निभाने में भी एआई चैटबॉट आज आगे आया है। कहना गलत नहीं होगा कि आज मनुष्य रिश्तों और भावनाओं के लिए भी टेक्नोलॉजी पर निर्भर हो गया है। इससे मनुष्य के समक्ष अकेलेपन का खतरा बढ़ा है। लेकिन मनुष्य को आज यह समझने की जरूरत है कि मशीन आखिर मशीन होती है और मशीन में कभी मनुष्य की भांति भावनाएं नहीं हो सकतीं हैं।यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज मनुष्य तकनीक और विज्ञान पर इतना अधिक आधारित हो चुका है कि वह चैटबॉट को अपना दोस्त, अपना परिवार, अपना सबकुछ मानने लगा है। वास्तव में यह दशार्ता है कि जनरेटिव एआई आज हमारे निजी व पेशेवर जीवन में लगातार अपनी पैठ बना रहा है। वास्तव में आज मनुष्य को यह समझने की जरूरत है कि एआई चैटबॉट इंसान नहीं है। यह बहुत चिंताजनक है कि आज मनुष्य, विशेषकर विकसित देशों में, नकली मनुष्य बनाने की कॉर्पोरेट होड़ में लगा हुआ है। यह ठीक है कि आज एआई हमारी दुनिया में क्रान्ति ला रहा है।एआई ने हमारे रोजमर्रा के कामों और चुनौतियों के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बदला है। मनुष्य को एआई के क्षेत्र में और आगे बढ़ने से पहले जरूरत इस बात की है कि वह इस बात को अच्छी तरह से समझे कि मशीनें हमेशा अपने यांत्रिक मस्तिष्क से काम करती हैं, जिसे मनुष्य द्वारा प्रोग्राम, डिजाइन किया जाता है। मनुष्य परिस्थिति को समझते हैं और उसके अनुसार प्रतिक्रिया करते हैं, जबकि मशीनों में समझने की क्षमता नहीं होती। सच तो यह है कि मनुष्य में भावनाएँ और संवेदनाएँ होती हैं, और वह अलग-अलग समय पर अलग-अलग भावनाएँ व्यक्त करता है। इसलिए मनुष्य को यह चाहिए कि एआई चैटबॉट्स को वास्तविक इंसान समझने की भूल न करें। यदि मनुष्य मशीन को वास्तविक इंसान समझता है तो यह वास्तव में एक प्रकार से मनुष्य का प्रकृति के साथ हस्तक्षेप ही कहलायेगा, क्यों कि मनुष्य, मशीनें बनाता है, मशीनें कभी भी मनुष्य को नहीं बनातीं हैं।

आतंकवाद

खालिस्तानी आतंक की के मुहाने पर लौटता पंजाब

मनोज कुमार अग्रवाल

पंजाब के उपमुख्यमंत्री और शिरोमणी अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर के बाहर हुआ हमला यह साबित करता है कि पंजाब में फिर से कट्टरपंथी सर उठा रहे हैं और उनको कुचलने के लिए शख्त कदम उठाने की जरूरत है। जिस प्रकार से बादल पर हमला हुआ, साफ है कि वाहे गुरु की उन पर कृप्या थी, नहीं तो ऐसे हमलों में बचना नामुमकिन ही होता है। शुटर बादल से कुछ फीट की दूरी पर था, लेकिन सुरक्षा में लगे एएसआई जसबीर सिंह और बंदूकधारी को काबू करने में मदद करने वाले एक सेवादार (स्वयंसेवक) के समय पर सतर्कता ने एक प्रासदी को टाल दिया। लेकिन इस हमले ने बढ़ती खालिस्तानी आतंक की धमक का ऐहसास जरूर करा दिया है। बादल पर हमला करने वाले आरोपी की पहचान नारायाण सिंह चौरा के रूप में हुई है, जो आतंकवादी समूह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (अब निष्क्रिय) का सदस्य रह चुका है। वह जेल से फरार होने में सजा काट चुका है। जानकारी के अनुसार वह 1984 में पाकिस्तान जा चुका है और वहां वह पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में मदद करता था। पाकिस्तान में रहते हुए वह कथित तौर पर गुरिल्य युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर एक किताब भी लिख चुका है। वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी भी आरोपी है। नारायण इससे पहले पंजाब की जेल में सजा काट चुका है। साल 2004 में जेल तोड़कर चार खालिस्तानी आतंकी फरार हो गए थे। आरोप है कि उसने इस कांड में आकियों की मदद की थी और चारों कैदी 94 फुट लंबी सुरंग खोदकर जेल से भाग निकले थे। हालांकि इस मामले में कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर दिया था। माना जा रहा है कि यह हमला बदले की भावना के तहत सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। यह सनसनीखेज हत्या की कोशिश लगभग दो दशकों से पंजाब में पनप रहे असंतोष और धार्मिक उग्रवाद की अभिव्यक्ति थी। हालांकि यह सिर्फ कयास है, क्योंकि हमला उसने क्यों किया यह तो जांच के बाद ही पता चल सकता है। मगर इसमें कोई दो मत नहीं है कि हमलावर अतीत में हत्या, हत्या का प्रयास, हथियार और विस्फोटक रखने तथा उग्रवाद जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तान स्थित सिखा आतंकवादी संगठनों के नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में था।

दरअसल पाकिस्तान ने न केवल पिछले कई वर्षों से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स जैसे प्रमुख खालिस्तान समर्थक संगठनों के नेतृत्व को पनाह दी, बल्कि सिख फॉर जस्टिस के 'खालिस्तान रेफरेंडम 2020' जैसी परियोजनाओं के माध्यम से खालिस्तान समर्थक विचारधारा को बढ़ावा देना जारी रखा। सिख प्रवासी समुदाय, जिसमें चरमपंथियों का बोलबाला है। ये खालिस्तान समर्थक तत्वों को धन और संसाधन मुहैया कराते हैं। वहीं, पाकिस्तान समर्थित तत्व सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं। ये हथियारों की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करते हैं। यूएपीए जैसे कानून भी चौरा जैसे आतंकवादियों को लंबे समय तक रुके रहने पाए। इससे उसे अदालतों से राहत मिल गई और वह फिर से चरमपंथी गतिविधियों में लग गया। इससे कट्टरपंथियों की तरफ से किसी भी उदारवादी आवाज को कुचलने का खतरा और भी वास्तविक हो गया। दरअसल पंजाब ने 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के मध्य तक खालिस्तान नामक एक अलग सिख राज्य की मांग के लिए सक्रिय उग्रवाद देखा है। सशस्त्र अलगाववादी आंदोलन को बड़े पैमाने पर पंजाब पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा निपटाया गया था, जिसमें सेना का कभी-कभी इस्तेमाल हुआ। 1992 के विधानसभा चुनावों में आतंकवाद की छाया में मतदान हुआ, जिसमें लगभग 24 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुछ प्रभावी आतंकवाद विरोधी अभियानों के बाद आंदोलन कमजोर और फीका पड़ गया। लेकिन इस आंदोलन को विदेशी धरती से संचालित विभिन्न सिख संगठनों का समर्थन प्राप्त रहा और इसे पाकिस्तान की आईएसआई का समर्थन प्राप्त होता रहा है। इसलिए पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती। पिछले कुछ महीने में ही कई आपराधिक गतिविधियां हुई हैं। इससे साफ हो जाता है कि पंजाब में कट्टरपंथ एक बार फिर सिर उठा रहा है। विदेशी धन और संसाधनों द्वारा सहायता प्राप्त और उकसाया जाना, धीरे-धीरे और लगातार विरोधी ताकतें सामाजिक और धार्मिक विभाजन पैदा करने में सक्षम रही हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में दो कट्टरपंथी निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत, अर्थात अमृतपाल सिंह एक घोषित खालिस्तानी और वर्तमान में जेल में बंद और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे सरबजीत सिंह खालसा ने कट्टरपंथी तत्वों को अवश्य प्रोत्साहित किया होगा। अकाल तख्त जत्थेदार द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) से स्वर्ण मंदिर परिसर में खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों के चित्र प्रदर्शित करने के लिए कहने का नवीनतम इनपुट वास्तव में परेशान करने वाला है। सबसे बड़ी बात यह है कि पंजाब पाकिस्तान से लगा हुआ है। यह भी छिपी बात नहीं है कि अलगाववादी तत्वों के तार पाकिस्तानी दहशतगर्दों से भी जुड़े हुए हैं, हो सकता है कि नारायण पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहा हो। पंजाब में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर काबू न पा सकने की वजह से स्वाभाविक ही वहां की राज्य सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। सुखबीर बादल पर हमले के बाद फिर से सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र पर अंगुलियां उठने लगी हैं। हमला करने वाले की बादल पर गोली चलाने के पीछे मंशा चाहे जो रही हो, पर चिंता की बात है कि वह सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी का फायदा उठाने में कामयाब हो गया। आने वाले समय में पंजाब पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों को और भी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। कनाड़ा जिस प्रकार से खालिस्तानी आंदोलन और आतंकियों को सह दे रहा है, उसी का नतीजा है कि पंजाब में कट्टरपंथियों का मनोबल बढ़ने लगा है।भविष्य में इनके मनसूबे कामयाब नहीं, सतर्कता जरूरी है।

कृषकों को मछलीपालन की उन्नत तकनीक की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 6 दिसंबर । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार अधिकारियों के द्वारा फील्ड भ्रमण कर किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिले में उपलब्ध जल संसाधन की अधिकता का लाभ उठाकर कृषक वर्ग अपनी आय में वृद्धि कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर ने छिंदगढ़ ब्लॉक के सुभाषपारा, उमापाल और बरसेरास के तालाबों का निरीक्षण किया।

उन्होंने किसानों से मिलकर तालाब के किनारे प्रायोगिक रूप से मछली पालन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। डॉ. राठौर ने बताया कि जिले के तालाबों में निम्फिया, कमल, एकॉर्निया, हाइड्रिला एवं अन्य मार्जिनल खरपतवार बहुत अधिक मात्रा में हैं और किसानों को लगता है कि मछली इन्हें खाती है जिससे उनकी बढ़त तेजी से होती है।जबकि असल बात ये है कि ये खरपतवार मछली के ऑक्सीजन, आहार की प्रतिद्वंदी और उनके प्रगति को प्रभावित करते है। किसानों को इनके उन्मूलन के लिए आवश्यक मैनुअल, केमिकल और बायोलॉजिकल विधि के बारे में बताया गया। साथ ही तालाब में उचित मात्रा में प्लवक संवर्धन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। उन्होंने कहा कि यदि इंडियन मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल) एवं एक्जोटिक कार्प (सिल्वर, ग्रास, कॉमन कार्प) के पालन वाले तालाब में प्लवक की मात्रा को संतुलित रखा जाए तो चारा की लागत को काफी कम किया जा सकता है। समय समय पर चूना (पानी के पी एच को 7.5 के आसपास रखता है) और नमक (बफर का काम करता है) के प्रयोग से बीमारी की संभावना भी कम हो जाती है। डॉ राठौर ने मछली पालन की नवीन तकनीक (एक्वापोनिक, बॉयफ्लॉक, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) के बारे में भी बताया। उन्होंने किसानों को इंटीग्रेटेड फिश फॉर्मिंग (मछली के साथ बतख, मुर्गी, बटेर, गाय, सूअर) की सलाह दी, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर नए तरीकों के लिए तैयार रहें। इस दौरान श्री लखन बघेल भी उपस्थित थे।

देश व राज्य निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे:महेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 6 दिसंबर। बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में पत्रवार्ता को सम्बोधित किया है। इस दौरान बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि आज मुझे बताते हुए गौरव होता है जब 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा जिन गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार श्री मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया। बस्तर सांसद ने कहा कि हमारे देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकारा था कि हम दिल्ली से 100 रूपए भेजते हैं तो गांव तक 15 रूपए पहुंचता है, किन्तु आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डीबीटी से सीधे राशि पहुंचाई जा

रही है। उन्हें स फ ल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। महेश कश्यप ने कहा कि प्रथम कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व किया, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व के कारण परिस्थितियों को अपने अनुकूल भी बना लिया। उन्होंने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्रों में विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने सूझबूझ से 140 करोड़ आबादी वाले भारत में कोरोना को कंट्रोल किया और कोरोना से बचाव के लिए 200 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई। अनेको राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने संकल्प के साथ मोदी जी की गारंटी को पूरा कर दिखाया है।

अनुसूचित जाति कल्याण के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की उपलब्धियाँ :

1. अनुसूचित जाति के लिए पोस्ट और प्री मैट्रिक की छात्रवृत्ति योजनाएँ. 2014-15 से 2024-25 तक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति के 54344025 से अधिक विद्यार्थियों को 37193.6 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति के लगभग 25076974 विद्यार्थियों को 3952.43 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई। वर्ष 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति के 1529000 से अधिक विद्यार्थियों के लिए 2361.30 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति के लगभग 564000 विद्यार्थियों के लिए 143.48 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

2. यंग अचीवर्स के लिए उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) एससी और ओबीसी छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना (एफसीएस) -2014-15 से 2024-25 तक, लगभग 21091 एससी और ओबीसी छात्रों को 126.81 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई और 2024-25 में योजना के तहत एससी छात्र के लिए 9.27 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई और 873 लाभार्थियों को सहायता दी गई। अनुसूचित जाति के लिए टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना (टीसीएस) - 2014-15 से 2024-25 तक, अनुसूचित जाति के लगभग 26766 छात्रों को 499.9 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई और 2024-25 में योजना के तहत 809 अनुसूचित जाति के छात्रों को 16.92 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

प्राथमिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 6 दिसंबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार प्राथमिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं शिक्षण प्रणाली में सुधार के लिए के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी के आदेशानुसार 5 दिसम्बर तक सम्पूर्ण भारत योजना की परिकल्पना, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्य को बच्चों को कक्षा पहली से तीसरी तक भाषा-गणित में दक्षता हासिल करना है। कक्षा पहली के बच्चों को दो अक्षर वाले शब्दों को पढने 99 तक की संख्या लिख पढ लेना, कक्षा दूसरी के बच्चों को सरल वाक्यों को पढने के साथ साथ 999 तक की संख्या पहचानने,पढने-लिखने कक्षा तीसरी के

बच्चों को प्रति मिनट 60 शब्दों को पढना,घडी देखने, कैलेंडर पढने 9999 की संख्या पढने-लिखने और जोडने-घटाने आना चाहिए। एफएलएन का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित प्राथमिक शाला को कक्षा एवं माह दक्षता अनुरुप प्रश्नपत्र एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना है। लर्निंग आऊटकम के प्रश्न पत्र शिक्षार्थ सुकमा द्वारा तैयार किया गया है। जिले के सुकमा,कोन्टा एवं छिन्दगढ विकास खंड अंतर्गत 110 के 750 स्कूलों और 20503 बच्चों का आंकलन सफलतापूर्वक किया गया। इस आंकलन को संकुल, विकास खंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सतत मानिटरिंग की गयी।आंकलन रिपोर्टिंग के लिए पृथक से फार्मेट स्कूलों को दी गयी है। शिक्षक मूल्यांकन कर संकुल, विकास खंड के माध्यम से जिला को जानकारी भेजी जायेगी। तत्पश्चात जानकारी कंपाइल करके प्रोग्रेस रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा की जाएगी।

नल जल योजना की विफलता को देखते हुए ग्रामवासियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दी

सुकमा 6 दिसंबर। जिले के ग्राम पंचायत-टांगरगस के ग्राम बड़े गुरबे में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माणधीन कार्य दो वर्ष से बन्द पड़ा है। उक्त ठेकेदार को तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। नल जल योजना पानी टंकी दो वर्ष से अधर में लटकी हुई है जिसको लेकर ग्रामवासियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान इनकी मौजूदगी रही। आयता राम मंडावी जिला महमंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा के वरिष्ठ सदस्य हिडमा राम कुंजाम, रमेश बघेल, कुकानार पुजारी सहित कुकानार टांगारस के ग्रामीण उपस्तिथ रहे।

शिक्षा और नौकरी की लड़ाई में दिल्ली के जंतर मंतर में संसद मार्ग में जय वट्टी प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में नारायणपुर एनएसयूआई की टीम सम्मिलित हुई

नारायणपुर 6 दिसंबर। जय वट्टी ने कहा कि देश की प्रधानमंत्री मोदी जी देश के युवा छात्रों से डरे हुए है आज देश के करोड़ों छात्र डिग्री लेकर बेरोजगार पड़े हुए है लेकिन प्रधानमंत्री जी आंख के अंधे कान के बैरे हो गए है ये तानाशाही सरकार ने छात्रों के आवाज को दबाने के लिए पुलिस के बेरीगेट्स लगाकर रोकने की कोशिश किया साथ ही देश के छात्रों के साथ बलपूर्वक लाठी चार्ज किया गयालड़ेंगे और जीतेंगे छात्र और युवाओं के हक़ की लड़ाई लड़ते रहेंगे छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री आकाश चौधरी जी की मौजूदगी व प्रदेश अध्यक्ष श्री नीरज पांडेय जी के नेतृत्व में दिल्ली में संसद घेराव सम्पन्न हुआ।

रामकृष्णा केयर अस्पताल, रायपुर में सफल अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और कोड रेड मॉक ड्रिल का आयोजन

रायपुर 6 दिसंबर। रामकृष्णा केयर अस्पताल रायपुर ने दिनांक 29/11/2024 अपने परिसर में अग्नि सुरक्षा की महत्वपूर्ण ट्रेनिंग और कोड रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। इस मॉक ड्रिल में टिकरापारा फायर ब्रिगेड टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने प्रशिक्षण के दौरान आग से बचने के उपाय, सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी, और आग से संबंधित विभिन्न घटनाओं के दौरान सावधानी बरतने के तरीके बताए। इसके अलावा, टीम ने प्रैक्टिकल डेमो भी दिया, जिसमें आग बुझाने की सही तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करके कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया करने का तरीका बताया। मॉक ड्रिल के दौरान, क्रूक्लॉक की तीसरी मंजिल के निजी वार्ड में एक कमरे के अंदर सुरक्षित सावधानि पूर्वक आग जलाई गई थी। जैसे ही आग की घटना की सूचन सूचना अस्पताल के स्टाफ को मिली, तत्काल अस्पातल इमरजेंसी नंबर पर कॉल किया और कोड रेड का अनाउंसमेंट किया गया, जिसके बाद कोड रेड टीम सक्रिय हुई।

जिला पंचायत सभागार में योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित

योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में दिखाएं तत्परता: सीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 6 दिसंबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने गुरुवार को जिला पंचायत सुकमा के सभागार कक्ष में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु रणनीतियां तैयार करने और स्थायी विकास के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया। श्रीमती नम्रता जैन ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में तत्परता दिखाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित माओवादियों की आवास

सर्वे रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्ण और अपूर्ण आवासों, स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) और आवास प्लस के लिए शेष दस्तावेजों पर समीक्षा कर, शीघ्र लंबित दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ताकि पात्र हितग्रहियों को समय पर शासन की योजनाओं से लाभन्वित हो।

नियद नेल्लनार योजना के तहत आवास से संबंधित शेष दस्तावेजों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर भी जोर दिया गया।बैठक के दौरान अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने और शेष दस्तावेजों को समय पर जमा करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने पर विशेष हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा, ग्राम विकास से संबंधित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

एक नजर

नगर के बॉक्सरों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रनरअप ट्रॉफी जीती

रायपुर 6 दिसंबर।16 वी राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2 दिसम्बर से 4 दिसम्बर तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स हॉसिंग बोड़ भिलाई में आयोजित हुआ जिसमे राज्य से 150 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया जिसमें रायपुर से 12 बॉक्सरों ने बॉक्सिंग कोच हजारी लाल , सहायक कोच सोनू ध्रुव एवं रूपा ध्रुव के नेतृत्व में भाग लिया।पुरूष वर्ग के 65 किलोग्राम वर्ग में आकाश साहू स्वर्ण पदक ,85 कीलोग्राम एलेक्स मिंज रजत पदक, 55किग्रा में श्रेयांश सुखदेव, 60कि ग्रा में विजय बंजारे, 75 कि ग्रा में कुश चंद्राकर, 80कि ग्रा सौम्य राज सिंह एवं +90 कि ग्रा प्रणव दीवान ने कांस्य पदक तथा महिला वर्ग में 51 किलोग्राम छाया पटेल स्वर्ण पदक, 70 किलोग्राम में राजबाला स्वर्ण पदक, विभा ठाकुर एवं 75 कि ग्रा में पूजा सिंह ने रजत पदक हासिल किया । रायपुर एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसियेशन के सचिव पूर्व बॉक्सर नवीन दास ने बताया कि खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और रनर उप ट्रॉफी पर कब्जा करने पर शुभकामनाए दी तथा भविष्य में आने वाली प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़,पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए

सुकमा 6 दिसंबर। जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, आनंद सिंह राजपुरोहित, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग-दर्षन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, पुष्पेन्दर कुमार, कमाण्डेन्ट 206 वाहिनी कोबरा, श्री नवीन कुमार कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ, के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 04 दिसम्बर 2024 को 223 वाहिनी सीआरपीएफ, 206 कोबरा वाहिनी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भीमापुरम, करकनगुड़ा व रायगुड़ेम व आस -पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान 04 दिसम्बर 2024 को दोपहर लगभग 4.15 बजे ग्राम करकनगुड़ा, भीमापुरम के पास पीएलजीए बटालियन के सषस्त्र माओवादी एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया, दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चला। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों द्वारा छुपाकर कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। घटना मे सभी जवान सुरक्षित है, बाद सभी पार्टी अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस लौटे।

अन्धे कत्ल की गुत्थी दोरनापाल पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर सुलझाई

सुकमा 6 दिसंबर। जिले के दोरनापाल में रहने वाली पुजा मड़कम के पति दीपक सिंह वार्ड क्रमांक 12 दोरनापाल में रहते थे दीपक सिंह को दिनांक 01.12.2024 के रात्रि करीबन 7-8 बजे के मध्य किसी अज्ञात हमलावर ने जान से मारने की नीयत से लकड़ी के डण्डे से सिर में ताबड़तोड़ वार किया जिससे दीपक सिंह अधमरा हालत मे बेहोश होकर गिर पड़ा आसपास के लोगो से सुचना मिलने के बाद घायल को ईलाज के लिए पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया प्राथिर्या पुजा मड़कम की रिपोर्ट पर दोरनापाल थाने में अपराध क्रमांक 19/2024 धारा 109, 103 भा.न्या.सं. दर्ज किया गया। दोरनापाल पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फूटेज, गवाहो एवं अन्य तकनीकी साधन से आरोपी का 24 घण्टे के अंदर पता लगा लिया।आरोपी को कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया जो बताया कि दीपक सिंह जो उसका सगा दामाद था जो कि अपनी बेटी-नातिन के साथ हो रहे पारिवारिक हिंसा से परेशान था जो अपने दामाद दीपक सिंह का सुकमा से ही हत्या करने की योजना बनाकर बस से दोरनापाल आया था।

महतारी वंदन योजना की राशि से पुष्पा के होटल व्यवसाय में चार चांद लग रहे

उत्तर बस्तर कांकेर 6 दिसम्बर। शासन की छोटी सी मदद से किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव आ सकता है। इसका ज्वलंत उदाहरण जिले के नरहरपुर ब्लॉक के गांव सरोना की रहने वाली श्रीमती पुष्पा यादव का जीवन है। तीन सदस्यीय छोटे से परिवार की रोज़ी-रोटी एक छोटे से होटल से चलती है, जिसे पुष्पा अपने पति श्री विजय यादव व बेटे मानस के साथ मिलकर संभालती हैं। उनके इस व्यवसाय को महतारी वंदन योजना से चार चांद लग गए हैं, क्योंकि इस राशि से अपना छोटा सा होटल का व्यवसाय चलाने के लिए बड़ी मदद मिल रही है।

श्रीमती यादव ने बताया कि होटल के साथ-साथ सीमित आय में परिवार की ज़रूरतें पूरी करना आसान नहीं था। ऐसे में महतारी वंदन योजना उनके जीवन में उम्मीद की नई रोशनी लेकर आई। उन्होंने बताया कि इस योजना से अब तक दस किश्तों में कुल 10 हजार रुपये मिल चुके हैं।

समाचार संक्षेप

ग्रामीणों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने शिविर आयोजित

सुकमा, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । नियद नेल्ला नार योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ये जनकल्याणकारी शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को कैंप परिया के अंतर्गत ग्राम बगडेगुड़ा में शिविर का आयोजन किया गया जहां श्रमिक पंजीयन और बैंक खाता खोलने जैसी हितग्राही मूलक सेवाएं ग्रामीणों को प्रदान की गई। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई और उसका लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। आमजनों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की ग्रामीणों ने सराहना की। शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारी, एनआरएलएम की टीम और बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा और रोजगार के संबंध में लोगों को किया जागरूक

सुकमा, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिले में सड़क सुरक्षा और रोजगार के महत्व को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को शासकीय शहीद बापूराव पीजी कॉलेज और आईटीआई संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और रोजगार के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा पर जिला परिवहन अधिकारी श्री शिवभगत रावटे ने छात्रों और युवाओं को जागरूक करते हुए सड़क पर सुरक्षित यातायात के नियमों और उनके पालन के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक रूप से करने की समझाइश दी। जिला रोजगार अधिकारी श्री एस. के. भारवे ने जिले में आयोजित होने वाले रोजगार कैंप और रोजगार पंजीयन प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। छात्रों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्हें समय समय में शासन के द्वारा निकाले गए भर्ती का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अभियान में शासकीय शहीद बापूराव पीजी कॉलेज और आईटीआई संस्था के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

अज्ञात बीमारी से सात वर्ष के छात्र की इलाज के दौरान मौत

सुकमा, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कोयाबेकूर स्थित बालक आश्रम के पहली के छात्र की अज्ञात बीमारी से मौत हो गई। बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में उसने दम तोड़ दिया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित कोयाबेकूर बालक आश्रम का पहली का छात्र माड़वी दुला 7 साल निवासी कोंटा ब्लॉक के केरलापेंदा को तेज सिरदर्द की शिकायत पर रविवार को जिला अस्पताल में भर्ती किया था। यहां से उसे मेकॉज रेफर किया था। आश्रम अधीक्षक बंशराज ने बताया कि माड़वी दुला स्वस्थ था। 29 नवंबर को तेज सिरदर्द की शिकायत पर उसे केरलापाल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां सभी जांच नॉर्मल थी तो उसे वापस आश्रम लाए। रविवार की रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। रात करीब 9 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। सूत्र बताते हैं कि बालक की तबीयत बीते कुछ दिनों से खराब थी। समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी तबीयत खराब होती चली गई।

सुकमा, 6 दिसंबर। जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति का प्रशिक्षण गुरुवार को आयोजित किया गया। निक्षय-निरामय छत्तीसगढ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के सफल संचालन हेतु जिलास्तरीय प्रशिक्षण दिया गया ,जिसमे ब्लॉक एवं पीएचसी स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक भास्कर चौधरी एवं डब्ल्यूएचओ सलाहकार डॉ मनीष मसीह ने कर्मचारियों को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एन.टी.ई.पी. स्टाफ व पिरामल स्वास्थ्य टीम उपस्थित थे।

एक नजर

जल जीवन मिशन के ठेकेदारों के समय-सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं करने पर विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में शासन के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यो को गति देने हेतु कार्यदिशित ग्रामों में जिन ठेकेदारों द्वारा बार बार नोटिस जारी करने के बाद भी अनुबंधित कार्य समय-सीमा में प्रारंभ नहीं कर रहे ऐसे ठेकेदारों को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बीज ापुर के द्वारा कार्यवाही करते हुए श्री बलजीत शर्मा कार्यदिशित ग्राम इडेनार-02, इडेनार-03, हिरोली, डालेर, बंगोली, मेसर्स एम एण्ड एम इंटरप्राईजेस कार्यदिशित ग्राम धुसावड, मेसर्स सूर्या मेटल स्टोर्स कार्यदिशित ग्राम चेरपल्ली, जारगुडा, फंदीवाया, अडेपल्ली, श्री अर्जुन सिंह कार्यदिशित ग्राम पेठा, मेसर्स कृतिशा इनकॉरपोरिशन कार्यदिशित ग्राम चोखनपाल, मिरगानघोटुल कुल 5 ठेकेदारों के 13 ग्राम के कार्य निरस्त करने की कार्यवाही की गई।योजनाओं में जल स्त्रोंत निर्माण हेतु कार्यदिशित ठेकेदारों के द्वारा नलकूप खनन कार्य समय सीमा में प्रारंभ नहीं करने के कारण कलेक्टर श्री संबित मिश्रा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बीजापुर के द्वारा मेसर्स महावीर बोरवेल्स कार्यदिशित विकासखण्ड बीजापुर एवं भैरमगढ़ 23 नग नलकूप खनन तथा मेसर्स साई ममता बोरवेल्स एण्ड कंपनी कार्यदिशित विकासखण्ड बीजापुर 47 नग नलकूप दोनों ठेकेदारों के कुल 70 नग नलकूप खनन कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण कार्य निरस्त करने की कार्यवाही की गई।

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कराते बालक-बालिका अंडर 17, दिल्ली के लिए रितेश कट्टम व बुलबुल कुड़ियम का चयन हुआ है। जुडो राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालक-बालिका अंडर 19, लुधियाना के लिये रोशनी चिड़ेम व बदरु हेमला का चयन हुआ है, प्रतियोगिता 09 दिसम्बर 2024 से 15 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का 3 दिसवसीय कोचिंग केम्प 04 दिसम्बर 2024 से 06 दिसम्बर 2024 तक दुर्ग मे आयोजित होगा। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करे इसके लिए शुभकामनाएं देकर खिलाड़ीयों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया, सहायक खेल अधिकारी श्री डी सुब्बैया और साथ में खिलाड़ियों के मार्गदर्शक वंदना साहू जुडो प्रशिक्षक, माला ठाकुर कराते प्रशिक्षक उपस्थित थे।

पीएमश्री नटवर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

रायगढ़, 6 दिसम्बर । श्री जितेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नालसा तथा सालसा के विशेष अभियान के तहत आज जिला रायगढ़ के पी.एम.श्री गवर्नमेंट नटवर इग्लिश मिडियम स्कूल में अध्यनरत बच्चों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गयाप्रवीण मिश्रा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी के द्वारा शिविर में उपस्थित बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए कहा कि आज के दौर पर बच्चे इंस्टाग्राम पर अनजान व्यक्तियों को फोटो विडियो भेजते हैं जिससे आगे चलकर उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। श्रीमती अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ ने अध्ययनरत छात्राओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण तथा कार्यस्थलों पर महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों पर जानकारी प्रदान की और कहा प्राधिकरण का मुख्य कार्य लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता और न्याय दिलाना है।

भगवान रामचंद्र ने जैसे ही धनुष की ओर हाथ बढ़ाया प्रकाश फैला,झंकार हुआ और वह टूट गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 6 दिसंबर। गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में राम कथा के पांचवे दिन श्री राम विवाहोत्सव की व्याख्या करते हुए मानस विदुषी दीदी चंद्रकला जी ने बताया कि सीता जी के लिए वर ढूंढने मिथिला नरेश जनक जी द्वारा शिव धनुष यज्ञ का ऐलान किए गए, उसमें दस हजार राजा पहुंचे थे , आप ही सोचो कोई भी माता पिता क्या कभी चाहेगे कि उसकी पुत्री को गलत वर मिले , अभिमानी राजा जब धनुष उठाने गए तो धरती मैय्या ने धनुष को पकड़ रखा था , अपने अपने देवी देवताओं को सुमिरन कर बहुत प्रकार प्रयास किए पर धनुष हिला ही नहीं , जब सभा में उपस्थित कोई भी राजा धनुष नहीं तोड़ पाए तो मिथिला नरेश जनक जी ने कहा हे आए हुए समस्त राजा महराजाओं आज मुझे लगता है जिस विधाता ने मेरी बेटी वैदेही को सर्व गुण संपन्न बनाया उसने मेरी बिटिया के विवाह की हाथ में रेखा ही नहीं बनाई है , उसने धनुष यज्ञ में उपस्थित दस हजार राजाओं को कहा कि आज मेरे समक्ष ऐसे धर्म संकट की परिस्थित उत्पन्न कर दिया है कि अगर मैं जानता कि इस धनुष यज्ञ का परिणाम यह होगा तो कदापि यह धनुष भंग की प्रतिज्ञा नहीं करता।प्रण पे रहता हूं तो बिटिया कुंवारी रहेगी , प्रण छोड़ देता हूं तो पूर्वजों की कीर्ति का नाश होगा* जनक जी इसी विलाप में बोल रहे की आज के बाद कोई अपने को वीर मत कहना , अपने वीरता का गुमान मत करना , मै समझ गया कि ये धरती अब वीरों से विहीन हो चुकी है , और सभी के वीरता का प्रमाण इस धनुष से मिल चुका है।मिथिला नरेश के ऐलान से आक्रोशित लक्ष्मण अपने भईया श्री रघुनाथ जी को बोल उठे ये शब्द ह्रदय को चुभते है पृथ्वी वीरों से खाली है , पूरी धरती लक्ष्मण जी के क्रोध से कांपने लगी , राम जी ने लक्ष्मण जी से कहा शांत लखन जी और गुरुदेव भगवान ने श्री रघुनाथ जी के सिर पर हाथ रखकर धनुष उठाने इशारा किए हैं , जब राम जी चलने लगे तो अभिमानी राजा तिलमिलाने लगे , किशोरी मां भी प्रार्थना करने लगे कि हे शिव धनुष अब कृपा कर दो , अपने आप को हल्का कर दो ,और शिव धनुष हल्का हो गया रघुनाथ जी सामने खड़े हैं सब मिथिला वासी भी अपने अपने देवी देवताओं को प्रार्थना करने लगे , रघुनाथ जी ने भी अपने मन ही मन पूज्य गुरु को प्रणाम कर धनुष की ओर जैसे ही हाथ बढ़ाया पूरे सभा में प्रकाश फैल गया , और झंकार ऐसा हुआ कोई देख भी नहीं पाया और शिव धनुष दो भाग में टूट गया , धनुष के टूटते ही रघुनाथ जी के संभा में जय जयकार होने लगे और श्री रघुनाथ जी ने वैदेही को वरमाला पहनाया है ।। सत्संग मानस मंडली द्वारा आयोजित राम कथा के पांचवे दिवस विवाहोत्सव पर देवी चंद्रकला ने छत्तीसगढ़ी माता सेवा भजन गायन कर सबको आनंदित कर दिया ।सच्चे भक्त और सेवक की व्याख्या करते हुए अयोध्या धाम से पधारे दीदी ने बताया था कि *सेवक का प्रथम धर्म जो स्वामी के प्रत्येक आवश्यकता को बिना कहे समझ सके वही सच्चा सेवक होता है ।

सुता तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ हॉस्पिटल कीअव्यवस्था दूर करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 6 दिसंबर। जिला कलेक्टर रोहित व्यास आज भोर मे ही शहर का निरीक्षण करने पहुंच गये। सुबह 7 बजे जिला कलेक्टर रोहित व्यास के साथ तमाम सरकारी अमले को शहर के लोगो ने यहा की अनेक जगहो का निरीक्षण करते पाया। कलेक्टर रोहित व्यास ने एन.एच.43 के अलावा स्टेट हाईवे की सडको की दुर्दशा पर अधिकारीयों को कडे निर्देश दिये। उन्होने शहर मे उडने वाली धूल को लेकर तत्काल सडको की दशा सुधारने की बात कही। उन्होने यहा के सुता तालाब का निरीक्षण किया,वहा का सौंदर्यीकरण के कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये। दरअसल सुता तालाब शहर के लोगो की धार्मिक आस्था के साथ जुडा तालाब है,जिसे जानते हुये कलेक्टर रोहित व्यास ने सुता तालाब की साफ सफाई के अलावा जल्द ही उसके सौंदर्यीकरण के काम को पूरा करने सी.एम.ओ को निर्देशित किया। उन्होने यहा के सिविल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया जहा उन्हे ढेरो अव्यवस्थायें देखने को मिली। आज जिला कलेक्टर रोहित व्यास नगर के प्रथम दौरे पर थे,उन्होने सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर वहा की व्यवस्थाओ का जायजा लिया,जहा उन्हे मरीजो को दिये जाने वाले भोजन मे कमी मिलने पर भोजन सप्लायी करने वाली संस्था को कडी फटकार लगायी। उनका कहना था कि मरीजो की सेहत से किसी तरह का खिलवाड बर्दाश्त नही किया जायेगा,मरीजो को प्रति दिन के मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन नही दिया जाता है तो सप्लाई संस्था पर कडी कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर रोहित व्यास ने हॉस्पिटल के आई.सी.यू का निरंतर संचालन के साथ सोनोग्राफी मशीन का संचालन एवं ब्लड बैंक की आपूर्ति पर भी बी.एम.ओ को कडे निर्देश दिये।

मॉर्डन बस स्टैन्ड की जगह का किया निरीक्षण-:कलेक्टर रोहित व्यास ने विधायक गोमती साय के साथ शहर मे बनने वाले मॉर्डन बस स्टैन्ड की जगह का भी निरीक्षण किया। दरअसल स्व.दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथी के दौरान किलकिलेश्वर धाम मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहर मे मॉर्डन बस स्टैन्ड बनाने की सौगात दी थी,जिसके बाद इसकी सुगबुगाहट काफी तेज है। आज जिला कलेक्टर रोहित व्यास ने विधायक गोमती साय के साथ अंबेडकर नगर स्थित जगह का निरीक्षण कर मॉर्डन बस स्टैन्ड के आगे की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये।

आत्म समर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पक्के आवास दे:कलेक्टर

गरियाबंद, 6 दिसंबर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में नक्सल पुनर्वास नीति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव शामिल हुए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आत्म समर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के विशेष परियोजना के माध्यम से लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा की गई।

इसके तहत कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में जिले में आत्म समर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पक्के आवास का लाभ देने एवं अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ दिलाने के संबंध में आवाश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पुनर्वास नीति के तहत विभिन्न प्रावधान का पालन करने आवश्यक निर्देश दिये।

धान खरीदी की सुगम प्रक्रिया और त्वरित भुगतान से किसानों में उत्साह

रायगढ़, 6 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 14 नवम्बर से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। किसान भी पूरे उत्साह के साथ उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुंच रहे हैं। लोईंग खरीदी केंद्र में पहुंचे किसान श्री सौरभ प्रधान ने बताया कि करीब 6 एकड़ खेत में उन्होंने धान की फसल ली थी और 120 क्विंटल धान बेचा है। उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी तरीके से चल रही है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण किसानों को अब लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। किसान सौरभ प्रधान ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी और 3100 प्रति क्विंटल की कीमत किसानों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। धान खरीदी में पारदर्शिता और सही दाम मिलने से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। शासन की योजनाओं ने हर किसान को राहत दी है। श्री प्रधान ने कहा कि केन्द्र में समुचित व्यवस्था और कर्मचारियों के सहयोग से धान बेचने में काफी आसानी हुई। वहीं समय से किसानों को धान की राशि का भुगतान भी हो रहा है। लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की जिससे भुगतान में सहूलियत है। खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम से भी भुगतान लेने की व्यवस्था खरीदी केंद्रों में की गई है। सरकार किसानों के प्रति संवेदनशीलता से काम कर रही। हमें हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की।अब तक 23 हजार 846 मे. टन धान की हुई खरीदी, 29.91 करोड़ का भुगतान जारीकलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर सुचारु रूप से धान खरीदी हो रही है। खाद्य अधिकारी श्री खुमेश्वर सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में 23846 मे.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 29 करोड़ 91 लाख रुपये का भुगतान भी बैंक के माध्यम से किया जा चुका है।

पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को किया जा रहा है सशक्त

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के ग्राम पंचायत दुगोली, तोयनार, बेदरे, गुदमा, केसाईगुडा, दुधेड़ा बोरजे के स्कूल एवं पंचायत स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं के अधिकार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, स्कूल महिला स्व सहायता समूह एवं स्कूल के बच्चों को बच्चो एवं महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसाओं की जानकारी दिया जा रहा है इस अभियान में बीजादूतीर स्वयं सेवक द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दिया जा रहा है कि ऐसा विवाह जिसमें वर 21 वर्ष से कम और वधु 18 वर्ष से कम अवस्यक हो तो उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके कारण सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक हो सकते है। इन कारणों पर विचार विमर्श करके इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है और एक साकारात्मक वातावरण तैयार करना आवश्यक है बच्चों से होने वाले दुर्व्यवहार बालश्रम, सडक पर रहने वाले बच्चे को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है। इस दौरान सभी व्यक्तियों को चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है अभियान के दौरान साइबर क्राईम और एक युद्ध नशे के विद्ध के तहत बच्चो को जागरूक किया जा रहा है नागरिको को बाल श्रम अधिनियम की जानकारी देते हुए 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया, अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाँबों, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उपीडन, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं का अनैतिक व्यापार की जानकारी दिया जा रहा है इस दौरान प्रचार-प्रसार श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, श्री नवीन मिश्रा संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, श्री गणेश्वर झाडी गैर संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, सुश्री आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, सुश्री पुष्पा बंजारे एवं श्री संदीप चिडेम, श्री राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, श्री राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा जानकारी दी गई है।

बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने मनाया इंटरनेशनल वालंटियर डे

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में बीजापुर जिले में बीजादूतीर कार्यक्रम से जुड़े स्वयंसेवकों ने 5 दिसम्बर को इंटरनेशनल वालंटियर डे बड़े धूमधाम से मनाया। जिला प्रशासन, महिला बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एप्रीकान समिती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बिना किसी स्वार्थ के सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। स्वयंसेवकों ने इस दिन को विशेष बनाने के लिए विकासखंड बीजापुर, भोपालपटनम और भैरमगढ़ में रंगोली, क्षेत्रीय नृत्य, केक काटने और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। साथ ही, उन्होंने समाज में स्वयंसेवी कार्यों के महत्व को उजागर करने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में अपने कार्य अनुभव और सामुदायिक बदलाव की कहानियां साझा की। बीजादूतीर कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवक पिछले तीन वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य, बाल संरक्षण, बाल विकास, स्वस्थ किशोरावस्था, सुरक्षित मातृत्व जैसे मुद्दों पर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। इन स्वयंसेवकों के निस्वार्थ प्रयासों और योगदान को सराहा गया और उन्हें आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी गईं।इस कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक अशोक पांडे, ब्लॉक समन्वयक योहन लाटकर, भारत काग्म, हर्षिता पंडा सहित बड़ी संख्या में बीजादुतीर स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी को समाज कल्याण और समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने का संकल्प दिलाया और समाज में एकजुटता और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित किया।

महतारी वंदन योजना से समक्का को मिला आर्थिक संबल

बीजापुर 6 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सकारात्मक सोच एवं पहल से मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत हुई। महिलाएं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होकर आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही है, घर परिवार को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो रही है, वहीं व्यवसायी महिलाएं अपने व्यापार-व्यवसाय को भी बड़ी आसानी से बढ़ाने में कामयाब हो रही है। निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवार से जुड़े महिलाओं को महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल दे रही है यह योजना उनके लिए संजीवनी की तरह साबित हो रही हैमहतारी वंदन योजना के दसवें किश्त प्राप्त कर चुकी राउतपारा बीजापुर की व्यवसायी महिला समक्का एरोला ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। उनके बड़े बेटे बीए फाईनल की पढ़ाई कर चुके हैं एवं बेटी 12वीं कक्षा में अध्ययनरत है। महतारी वंदन से प्रतिमाह 1 हजार रूपए लगातार प्राप्त हो रही है जिसका उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं स्वयं का व्यापार व्यवसाय में निवेश कर रही हूं।समक्का पेशे से फुटकर सब्जी का विक्रय स्थानीय बाजार बीजापुर में करती है, प्रतिदिन सब्जी बेचने के लिए बाजार आती है। सब्जी मंडी से थोक भाव में सब्जी की खरीदी करके सब्जी बेचने का कार्य करती है। महतारी वंदन की राशि से पहले से अधिक मात्रा में सब्जी खरीद कर ज्यादा आमदनी अर्जित कर रही है। सब्जी मंडी के अलावा आस-पास के गांवो के किसानों से भी सब्जी खरीदकर ताजा सब्जी ग्राहकों को बेचती है।समक्का बताती है कि वह घर में अकेली कमाने वाली है, सब्जी बेचने के कार्य उनका पति भी साथ देते हैं जिससे व्यापार व्यवसाय करने में सहूलियत होती है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कराया प्रकृति परीक्षण

महासमुंद 6 दिसंबर । महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज अपने निवास पर ''देश का प्रकृति परीक्षण'' अभियान के तहत अपना परीक्षण कराया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रशेत साहू, और प्रकृति परीक्षण हेतु डॉ. सर्वेश दूबे उपस्थित थे। विधायक श्री सिन्हा ने अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया और इसे स्वस्थ समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बतादें कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम है। यह अभियान 26 नवंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक पूरे देश में संचालित हो रहा है। आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तनाव, अनिद्रा, अवसाद, और चिड़चिड़ापन को आयुर्वेद के माध्यम से कम किया जा सकता है। आयुर्वेद में बताए गए शारीरिक और मानसिक प्रकृति का परीक्षण करके इन समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। यह अभियान नागरिकों को निःशुल्क प्रकृति प्रमाण पत्र प्रदान करता है, जिसे सीधे उनके मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है।

आपको भी मिलेगा दूसरा मौका, देश के विकास में बनें भागीदार:कलेक्टर

रायगढ़, 6 दिसम्बर । कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज पंजरी प्लांट स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन दिवस में पहुंचे। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षण में सफल बच्चों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। इस दौरान बच्चों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव को साझा किए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री प्रकाश पटेल, बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री लक्ष्मी पटेल, जिंदल फाउंडेशन से श्री ऋषिकेश शर्मा, श्री आलोक झा, प्रशिक्षक श्री हिमांशु त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बच्चों से कहा कि आपको इलेक्ट्रिकल का प्रैक्टिकल करवाया गया है। जो बेसिक है लेकिन आप अगर इसमें अपनी लगन बनाए रखेंगे तो निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में आगे बेहतर कर सकते है। इस स्किल को अपने और परिवार के लिए रोजगार के रूप में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जीवन का सफर बहुत लंबा है, अभी आप जहां है, इसके बाद भी बहुत समय है। जीवन में हर किसी को दूसरा मौका मिलता है, आपको भी मिलेगा, जो मौका मिलेगा उसका बेहतर उपयोग करना है और अपने अच्छे कार्यों से देश के विकास में भागीदार भी बनना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि वर्तमान बाल संप्रेक्षण गृह में 23 बच्चे है। जिनके लिए पर्याप्त सुविधाएं है, वहीं 23 बच्चों में से 21 बच्चों का आधार कार्ड तथा 15 बच्चों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। शेष बच्चों का विभागीय समन्वय कर अतिशीघ्र बनाया जाएगा।

कलेक्टर ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया अवलोकन सुविधाओं की ली जानकारी

कलेक्टर श्री गोयल ने बाल संप्रेक्षण गृह का अवलोकन करते हुए मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी, मनोरंजन कक्ष, शयन कक्ष सभी को देखा। इस दौरान उन्होंने रात के व्यवस्थाओं की जानकारी लेने पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि रात में गार्ड, पैरामेडिकल स्टॉफ रहते है।

स्कूली बच्चों की शारीरिक क्षमता बढ़ाने खेलों में रुचि बढ़ाने खेल सामग्री भेंट कर रहे हैं पार्षद

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। इन दिनों नगरपालिका के युवा पार्षद जितेंद्र हेमला निरंतर नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न शालाओं में जाकर बच्चों के शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभा रहे है। इसी क्रम मे गुरुवार को भी सेंट थामस स्कूल पहुंच कर बच्चों से भैंट की एंव उन्हें खेल सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की इनमें फुटबॉल क्रिकेट किट वाली वाल रस्सी कूद बैडमिंटन किट गोला तावा लुडो चेसबोर्ड शामिल हैं खेल सामग्री पाकर बच्चे काफी उतसाहित दिखे और इस दौरान पार्षद का आभार जताया इस मौके पर शाला प्रंबधन के प्रमुख फादर सेबेस्टियन प्रिंसिपल सिस्टर टेसलिन उपप्राचार्य श्रीमती वेलमा रावतिया व्यायाम शिक्षिका मिस दानम निशा आनंद एकका एंव आलोक एकका मौजूद रहे।

चेरामंगी के ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

बीजापुर, 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले के विकासखण्ड उसूर के ग्राम चेरामंगी में जल जीवन मिशन योजना का विस्तार किया गया है। चेरामंगी ग्राम पंचायत नुकनपाल का आश्रित ग्राम है जिला मुख्यालय से 30-35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चेरामंगी में 16 हैण्डपंप स्थापित है इन्ही हैण्डपंपों के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल की व्यवस्था होती रही है। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत एकल ग्राम विद्युत आधारित योजना के तहत 3 नग जीआई स्टील स्ट्रक्चर के माध्यम से ग्राम के 129 परिवारों को 47.05 लाख रुपए की लागत से हर घर में कनेक्शन कर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम चेरामंगी को ग्रामसभा के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच श्री मुन्ना कुरसम, सचिव वेंकट बुरका एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स बैकुंठ से संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का 32वां दीक्षांत समारोह

भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थीः सोनाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 6 दिसम्बर। अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स बैकुंठ द्वारा संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का 32 वा दीक्षान्त समारोह आई पी एस सत्यम कुमार अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स बैकुंठ एफ एच एच आर देवाशीष राय चौधरी और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ कर के प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए 63 छात्रों को मार्कसीट, प्रमाण पत्र एवं छात्रवृति का चेक प्रदान किया गया इस प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य आसपास के गांव के लोग जो बीच में पढ़ाई छोड़ देते है या आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अशिक्षित और बेरोजगार रहते हैं वैसे नवयुवकों को टेक्निकल ट्रेनिंग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने जिससे वह स्वयं एवं परिवार का आर्थिक सहायक बन सके एक अच्छे समाज परिवार की कल्पना शिक्षित युवा ही होते हैं अभी तक या ट्रेनिंग सेंटर 2000 से अधिक युवाओं को ट्रेन कर चुका है जिसमें से लगभग 80त्न ट्रेनिंग प्राप्त युवक रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर रहे हैं। आई पी एस सत्यम सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दिया और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत सरकार की विभिन्न लाभकारी योजना के बारे में जानकारी दी एवं भारतीय हॉकिंग प्रणाली द्वारा छात्र-छात्राओं को लघु उद्योगों को शुरू करने के लिए दीये जाने वाले सीजीटीएमएसई के बारे विस्तार से बात की और बच्चों को भविष्य में नौकरी एव स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के देवाशीष राय चौधरी ने आईटीआई के क्षेत्र की उपलब्धियों को भी विस्तार पूर्वक बताया। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का मंत्र दिया साथ ही अनुशासन को विद्यार्थी जीवन में अपनाने की बात कही। विद्यार्थी जीवन में हर प्रतियोगिता को एक चुनौती के रूप में लेना चाहिए, ताकि हर परीक्षा में सफलता प्राप्त हो। साथ ही उन्होंने आईटीआई बैकुंठ की हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने पर बधाई दी और दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ के सी एस आर विभाग के सोनाली गवारगुर ने समारोह के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सफलता के इस पड़ाव पर पहुंचना कठिन हो सकता है, लेकिन इससे आगे का सफर और भी अधिक चुनौतीपूर्ण है। इसलिए आप सभी को अनुशासन और कड़ी मेहनत से जुड़ा रहना होगा। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें। कठिन परिश्रम और अनुशासित जीवन किसी भी व्यक्ति को उसके लक्ष्यों तक पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दीपेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की आज का युग तकनीक और कौशल का युग होने के कारण इस क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। तकनीक और कौशल पर ही प्रदेश और देश की प्रगति निर्भर है, इसलिए इससे जुड़े लोग स्वयं को अपनी फ्रीन्ड में दक्ष करने में कोई कोर कसर ना छोड़ें।

दीक्षांत समारोह में प्रमुख रूप से एच एफ एच माइनिंग अशोक कुमार सिंह ग्राम पंचायत बहेसर के सरपंच प्रतिनिधि सोहन वर्मा ग्राम पंचायत टंडवा सरपंच पुष्प लता नायक संयंत्र के सभी विभाग के एच एस अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के सी एस आर विभाग की सोनाली शिक्षक दीपेंद्र कुमार मिश्रा छत्तन दास लहरे, मुन्नालाल बर्मन उपस्थित रहे।

भीमराव अंबेडकर दलित एवं पिछड़ों के मसीहा थे : रात्रे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 6 दिसम्बर। बहुजन समाज पार्टी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर बसपा जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने वोट का बहुमूल्य अधिकार दिलायें। महिलाओं को पिता के सम्पत्ति में हक दिलायें। कर्मचारियों को 12 घंटे ड्यूटी से 8 घंटे काम करने कानून में अधिकार दिए। हिन्दू कोड बिल लाया महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार दिए। कांग्रेस और भाजपा ने कभी भी ईमानदारी से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का सम्मान नहीं किए। वी पी सिंह की सरकार में भारत्न दिये।

आर.पी संभाकर ने कहा कि डॉ अंबेडकर सर्व समाज को बराबर समान अधिकार दिए और विश्व का सबसे बड़ा संविधान हम भारत वासियों के प्रगति उन्नति के लिए लिखें। लेकिन मनुवादी सोच रखने वाले ने ईमानदारी से भारतीय संविधान का सही मायने में लागू नहीं कर रहे हैं। बसपा नेता ठाकुर प्रसाद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने कहा है कि संविधान कितना ही अच्छा क्यों न हो उसे चलाने लागू करने वाले की नीयत सही नहीं होने पर अच्छा से अच्छा संविधान भी कोई मतलब नहीं है।

आज कांग्रेस पार्टी जो कभी बाबा साहब को संविधान लिखते समय उनके कलम को छीनने वाले पार्टी आज संविधान की किताबों को लेकर घुम रहीं हैं बसपा कोषाध्यक्ष प्रेमलाल कुर्रे ने कहा कि आज जो सरकार पचास प्रतिशत पिछड़ों को स्थानीय निकाय में आरक्षण देने की बात कर रहे हैं वह बहुजन समाज पार्टी की संघर्षों का परिणाम है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे, जिला प्रभारी आर पी संभाकर, जिला प्रभारी ठाकुर प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल कुर्रे, जिला सचिव हबु ताड़ी, विधानसभा महासचिव दीपक कोसरे, केदार मेश्राम, बलदेव कोसरे उपस्थित रहे।

समाजसेवी बंटी छाबडा सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 6 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत राजभवन में छत्तीसगढ़ सिख संगठन को उनके मानव सेवा, उत्कृष्ट कार्य करने संमानित किया गया, संगठन के द्वारा भाटापारा में समाज सेवी अरुण छाबड़ा बंटी के द्वारा निशुल्क स्वर्ग रथ की सेवा विगत 8 वर्षो दी जाती रही है एवं रायपुर संगठन द्वारा मेडिकल कैंप दवाई का लंगर शिक्षा का लंगर दिया जा रहा है पूर्व में कई संगठन द्वारा संमानित किये जा चुके हैं कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, जिला अध्यक्ष मोनु सलूजा, गुरवेज सिंह, यशवंत सिंह, डॉक्टर नरेंद्र चावला, पूरन सिंह अरोरा, मनमीत सिंह, जगीर सिंह, गोल्डी खनूजा, जयसुन सिंह, निर्मल सिंह रिंकू सैनी बलजीत सिंह चावला महिला विंग्स की अध्यक्षा स्वेता अरोरा, उपाध्यक्ष सिम्मी चावला, महासचिव रोमी सलूजा, गगन चावला, रूबी गांधी, गगनप्रीत, गुरजीत कौर, गुरदीप कौर, रुपिंदर कौर, आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में सभी राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

रोशनी से जगमगाया नलटंकी तिराहा

भाटापारा, 6 दिसम्बर। पिछले कुछ दिनों से नलटंकी तिराहे पर हमार भाटापारा साइन बोर्ड की लाइट बंद थी इसके लिए साहू समाज ने और लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर लाइट चालू करने की मांग रखी थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान ने लाइट विभाग को तत्काल लाइट प्रारंभ करने का निर्देश दिया था जिसके फलस्वरूप नगर पालिका परिषद की लाइट विभाग में उसे लाइट को प्रारंभ कर दिया, जिससे वहां पर रौनक लौट गई है।

पैरा से बनाई जा रही आकर्षक कलाकृतियां 45 महिलाओं ने पैरा आर्ट में लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 6 दिसम्बर। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक आनंद कुदरया के मार्गदर्शन में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं आस-पास के महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार मूलक प्रशिक्षण हेतु पैरा आर्ट संबधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सहेली सोशल वेलफेयर फाउन्डेशन के द्वारा ग्राम बार एवं रवान तथा आस-पास के ग्रामों के लगभग 45 महिलाओं को पैरा आर्ट में पैरा को छिलकर अनेक प्रकार की कलाकृति निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे उन्हे स्वरोजगार प्राप्त होगा और आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में सार्थक पहल होगा। पैरा आर्ट में एवं अन्य कलाकृति से महिला स्व सहायता समूह एवं बालिकाओं / ग्रामीणों द्वारा कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त होगा तथा तैयार किये गये सामग्रियों को बारनवापारा अभ्यारण्य में स्थित सॉवेनियर शॉपों में विक्रय हेतु रखा जावेगा तथा प्राप्त राशियों को संबंधित महिला स्व सहायता समूहों में वितरण किया जावेगा।

दावा-आपत्ति 16 तक

बलौदाबाजार, 6 दिसम्बर। एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र तिल्दा-3 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। मूल्यांकन समिति के अनुमोदन पश्चात् दावा आपत्ति 5 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2024 तक अभ्यर्थी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है।

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ई कोर्ट नं. 2024110824000028
ब/121/ वर्ष 2024-25
ग्राम-लालपुरकला प.ह.नं.-03

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम-लालपुरकला प.ह.नं.-03, रा.नि.मं. नेवरी तसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहित यादव आ. दशरथ यादव निवासी ग्राम लालपुरकला तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा ग्राम लालपुरकला में अपने पुत्र किशन यादव की जन्म दिनांक 24.06.2004 का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार/ग्राम पंचायत लालपुरकला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुसूचनाओ प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड की फोटो प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक अपने पुत्र किशन यादव आ. मोहित यादव के जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उचित्त वेगर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-29.11.2024
पेशी दिनांक-11.12.2024

तहसीलदार
कवर्धा
जिला- कबीरधाम

मुहर

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411092200022

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
माटेकटा प.ह.न. 00030 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-चन्द्र कुमार पटेल, अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्र कुमार पटेल आ. रूपाराम जाति मरार सा. माटेकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला -राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री रागनी आ. चन्द्र कुमार पटेल का जन्म दिनांक 04.02.2010 को स्थान माटेकट्टा में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है ।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.12.2024 सकारे पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़

मुहर

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
180/162322	S.R., M.O.W. DEPOSIT AND OTHER WORKS AT H.C.M. HOUSE AND OTHER MINISTER VIP BANGLOW CIVIL LINE SHANKAR NAGAR RAIPUR (HEAD QTR. SECTION NO.-1) UNDER SUB DIVISION-1, RAIPUR (C.G)	रू. 25.00 लाख
181/162323	S.R., M.O.W. AMD OTHER DEPOSIT WORKS FOR NURSING HOSTEL (NEWLY ALLOTED TO TAHSIL OFFICE) D.K.S. CAMPUS AND OTHER NON RESIDENCIAL BUILDING IN OLD MANTRALAY SECTION UNDER SUB DIVISION-1, RAIPUR (C.G)	रू. 25.00 लाख
182/162324	WHITE WASHING, COLOURING & PAINTING WORKS IN MEN'S ITI BUILDING, HOSTEL BUILDING, WORKSHOP BUILDING & WOMEN'S ITI BUILDING UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (C.G)	रू. 27.00 लाख
183/162325	S.R., M.O.W. DEPOSIT AND OTHER WORK AT C-3 BANGLOW CIVIL LINE RAIPUR UNDER SUB DIVISION-1, RAIPUR (C.G)	रू. 25.00 लाख
184/162327	BITUMINIOUS WORK AT BHAVNA NAGAR SHREE RAM NAGAR AND KHAMADIH INTRANAL ROAD L-4.0KM (ACTUAL LENGTH 9.3 KM) RAIPUR	रू. 199.31 लाख

निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.12.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

जी-242504371/9

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग, विकासखण्ड-देवभोग जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Email: bmodeobhog@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1493 | देवभोग, दिनांक 05/12/2024

निविदा सूचना

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) की ओर से साफ-सफाई/स्वच्छता (House Keeping) कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन समय में राशि रूपये 500/- अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट (BMO CHC DEOBHOG A/C No. 87540100002746 के नाम से देय, जो कि नॉन रिफन्डेबल है) जमा कर दिनांक 21.12.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा विक्रय आरंभ तिथि : 06.12.2024 समय अपरान्ह 01:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 21.12.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि : 22.12.2024 समय अपरान्ह 03:00 बजे से..

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID-eejag-phe-cg@nic.in

''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना' (प्रथम आमंत्रण)

नि.क्र./23/ज.जी.मि./नि.प्र./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2024 | जगदलपुर, दिनांक 03.12.2024

जिला बस्तर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत वाहन किराये पर लेने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/अन्य से प्रपत्र 'ब' में ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	जिला	किराये वाहन की संख्या एवं प्रकार	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
23/03-12-2024	162394	बस्तर	05/महिन्द्रा स्कार्पियो	39.00	100000/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक 21.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-242504346/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/696 | भिलाई, दिनांक 4/12/2024

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

क्र.	हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिती का नाम	हस्तांतरण का स्वरूप	संपत्ति की स्थिति
1.	स्व. श्री अशोक कुमार पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी- मकान/फ्लैट नं.- बी/101, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	1. श्रीमती सुषमा कुमारी पति स्व. अशोक कुमार, 2. श्रीमती वर्षा सिंह पिता स्व. अशोक कुमार, 3. संघय कुमार सिंह पिता स्व. अशोक कुमार, निवासी- सी 102 लोटस आर्केट जुनवानी भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	बारिसान	जुनवानी, भिलाई (वार्ड नं.-01) " LOTUS ARCADE " केस-1 भिलाई, फ्लैट नं.-सी 102 (प्रथम तल), क्षेत्रफल- 1661 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
2.	श्रीमती सीनू साजिश, ध.प. श्री की. एफ. साजिश, निवासी- 211/1, नेहरू रोड, वार्ड नं. -05, राम नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती बेताला रेनुका, ध.प. श्री बेताला अशोक वर्मा, निवासी- 58, सीमाद्रीपेटा, गोलाबंधा, गंजम, ओडिसा	बिक्रीनामा	कोहका, वार्ड नं.-10, शांति नगर कोहका वार्ड, (शांति नगर कालोनी अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.- 5814/15, रकबा- 1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
3.	श्रीमती गुरमीत कौर, पति स्व. श्री जागीर सिंह, सौ श्रीमती राजू गुप्ता, पति- गणेश गुप्ता, निवासी- मकान नं.-8/सी, सड़क- 34 सेक्टर-05 भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	श्री दिलीप कुमार सिंह, पिता- श्री रामेश्वर सिंह, निवासी- मकान नं.- 2/सी, सड़क- 62, सेक्टर-06, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	कुरूद, कोहका, (वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड कैलाश नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-1549/9, रकबा- 850 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
4.	मेसर्स वेद प्रकाश पोपड़ा एंड कम्पनी से 1. श्रीमती करिश्मा अग्रवाल, ध.प. श्री राकेश अग्रवाल के तरफ से आम मुख्तयार श्री राकेश अग्रवाल आ. स्व. श्री पवन अग्रवाल, 2. श्रीमती संतोषी देवी अग्रवाल ध.प. स्व. श्री पवन अग्रवाल, तीनों निवासी- श्रीराम हॉईट्स के पास, कैलाश नगर, कुरूद, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती ज्योति पाण्डेय ध.प. श्री नरोत्तम पाण्डेय, निवासी- म.नं.-642, वार्ड नं. -17, हर्ष गिफ्ट हाउस के पास केम्प-1, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	कुरूद, वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड अंतर्गत सुंदर विहार केस-02 भिलाई, प्लाट नं.- 18 का भाग, खसरा नं.- 1383/162, रकबा- 900 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
5.	श्री विजय सिंह, पिता श्री रघुनाथ सिंह, निवासी- क्वाटर नं.-27/डी, सड़क -29, सेक्टर-5, वार्ड नं.-45, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्री जुगल किशोर नेताम, पिता श्री राम प्रताप नेताम, निवासी- क्वाटर नं. 4/बी, स्ट्रीट-31, वार्ड -13, नंदनी नगर, अहिवारा, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	कुरूद, वार्ड नं.-16, कुरूद वार्ड, भिलाई (कैलाश नगर अंदर भाग) खसरा नं.- 1442/13, प्लाट नं. -20, क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
6.	श्रीमती रोहिणी सोनी, ध.प. श्री राजू सोनी, निवासी- म. नं. 65, वार्ड नं.-11, राम नगर सुभाष रोड सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती प्रभा सिंह, ध.प. श्री संतोष कुमार, निवासी- म. नं. 13/9, वार्ड नं.-18, शास्त्री नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	कुरूद, वार्ड क्र. 16, कुरूद वार्ड अंतर्गत कैलाश नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नं.- 1387/7, शामिल खसरा नं.- 1386/17, क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
7.	स्व. श्री बालकृष्ण दीक्षित, आ. स्व. श्री भगवानदीन दीक्षित, निवासी- श्री राधाकृष्ण मंदिर, राम सप्ताह मंडप के सामीप, राम सप्ताह चौक, शंकर, वार्ड भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)	श्री जयप्रकाश नारायण दीक्षित पिता स्व. श्री बालकृष्ण दीक्षित, निवासी- श्री राधाकृष्ण मंदिर, राम सप्ताह मंडप के सामीप, राम सप्ताह चौक, शंकर, वार्ड भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)	बसीयतनामा	वार्ड नं.-2, सी.एच.पी.एल.ड्रीम होम्स स्मृतिनगर जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं.- 20, ब्लाक- एच, छटवा तल, क्षेत्रफल- 1100 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
8.	श्री जसप्रीत सिंह बल, आ. श्री सुखपाल सिंह बल, निवासी- म.नं.-63 वार्ड नं.-23, मालवीय नगर दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्री अभय गुप्तार, आ. श्री मनी राज सिंह, निवासी- क्वा. नं.-बी-252(टी.) पी.एस.व पो.-धुर्वा जिला रांची (झारखंड)	बिक्रीनामा	जुनवानी, वार्ड नं.-2, सी.एच.पी.एल. चौहान टाउन भिलाई, फ्लैट नं. -15, ब्लाक-ई-8, तृतीय तल, क्षेत्रफल- 1194.89 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।

उपायुक्त (संपत्तिकर)

एक नजर

माइनिंग कंपनी के कार्यालय में सेंट्रल-जीएसटी का छापा

रायपुर 6 दिसंबर। शंकर नगर में एक माइनिंग कंपनी के दफ्तर पर सेंट्रल जीएसटी ने छापा मारा है। बताया जा रहा है कि टैक्स चोरी के शक में छापेमारी की गई है। कंपनी के दफ्तर में जीएसटी अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही। केंद्रीय जीएसटी की टीम के अधिकारी चार गाडिय़ों में पहुंचे हैं।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से भारत को सशक्त करना है: पारवानी

रायपुर 6 दिसंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोगों को सामाजिक सेवा योजनाओं से सशक्त बनाने के विजन के तहत, आज नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में अयोजित एक समारोह के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अंतर्गत सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य देश भर में अंतिम छोर तक लाभार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है।

एचडीएफसी बैंक की शाखा का उद्घाटन

रायपुर 6 दिसंबर। मशीनरी मर्चेन्ट एसोसियेशन के सचिव अनिल दुग्गड़ ने बताया कि स्टेशन रोड, रायपुर में एचडीएफसी बैंक की 31वीं शाखा का उद्घाटन छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष एवं रायपुर मशीनरी मचेन्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी ने किया। एचडीएफसी बैंक के रीजनल हेड इकबाल सिंह ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ में रायपुर की 31वीं ब्रांच है व्यापारियों के लिए यह ब्रांच सुविधाजनक होगी रोज के व्यापारिक ट्रांजैक्शन करने में आसानी होगी ।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

रायपुर, 6 दिसंबर। देवपुरी में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी निवासी 27 वर्षीय प्रार्थिया ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी श्रीकांत श्रीवास्तव ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

रायपुर, 6 दिसंबर । सेंचुरी कालोनी डीडीनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नगदी 20 हजार सहित सोने -चांदी की जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष ठाकुर 39 वर्ष सेंचुरी कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 6 लाख 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर, 6 दिसंबर । शीतला मंदिर के पास चंदनडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल सिंह 25 वर्ष कुम्हारी दुर्ग का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल दोपहर वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदनडीह स्थित शीतला मंदिर के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विशाल की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते दो युवक पकड़ाए

रायपुर, 6 दिसंबर । मौदहापारा पुलिस ने चाकू लहराते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौदहापारा सुलभ के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी नईम खान 22 वर्ष व शहबाज अली 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

तीन विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति की तलाश

कुलपति नहीं होने से शैक्षणिक सत्र हो रहा प्रभावित

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 दिसम्बर। राज्य के तीन विश्वविद्यालयों में रिक्त कुलपतियों के पद पर नियुक्ति की कवायद तेज हो गई है। महात्मा गांधी कृषि एवं उद्यानिकी विवि एवं हेमचंद विवि दुर्ग में कुलपति चयन के लिए गठित की गई चयन समिति द्वारा अभी तक किसी भी नाम की अनुशंसा नहीं की गई है। वहीं एशिया के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति चयन समिति के अध्यक्ष ने योग्य संगीतज्ञ के नाम की अनुशंसा शासन को प्रेषित कर दी है लेकिन राजनीतिक कारणों से इसकी घोषणा नहीं हो पा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार राजभवन के सचिव ने एक विज्ञापन जारी कर इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़, महात्मा गांधी कृषि एवं उद्यानिकी विवि पाटन एवं हेमचंद विवि दुर्ग के लिए कुलपति के लिए निर्धारित अर्हता सहित अन्य विषयों में योग्य लोगों से आवेदन आमंत्रित किए थे। इसके लिए अलग-अलग चयन समिति गठित की गई थी। पिछली सरकार में कुलपति चयन को लेकर काफी विवाद हुआ था जिसके चलते सरकार और राज्यपाल आमने-सामने हो गए थे। शिक्षाविदों के अनुसार इस समय कुलपतियों के चयन को लेकर सबसे बड़ी समस्या विचारधारा को लेकर आ रही है। पिछली सरकार ने कुशाभाऊ ठाकरे विवि में संघ समर्थित योग्य व्यक्ति का चयन किया था जिसको लेकर काफी विरोध हुआ था। तत्कालीन राज्यपाल ने इस पूरे विवाद को संभाल लिया था। राजभवन के अनुसार अनेक राज्यों में उपजे विवाद के कारण कुलपति चयन की प्रक्रिया अब शासन द्वारा की जा रही है। पश्चिम बंगाल और केरल सहित अन्य राज्यों में राज्य सरकार ही कुलपति का चयन करती है। राजभवन के सूत्रों के अनुसार इंदिरा कला संगीत विवि में नियुक्त की गई कुलपति काफी विवादास्पद हो गई थीं इसलिए उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। वे निर्धारित अर्हता भी पूर्ण नहीं करती थीं। नई सरकार ने महादेव कावरे संभागायुक्त को कुलपति चयन समिति का प्रमुख बनाया है। इस समिति ने आवेदन पत्रों की छंटाई के बाद सरकार को कुलपति पद के लिए नाम की अनुशंसा भी कर दी है लेकिन अभी तक सरकार द्वारा घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उच्च शिक्षा विभाग देख रहे हैं। राजनीतिक व्यस्तता एवं अन्य कार्यों के कारण वे समय निकाल नहीं पा रहे हैं। कुलपति की दौड़ में शामिल लोग हाईकमान से लेकर स्थानीय स्तर तक दबाव बनाए हुए हैं लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। जिसके कारण हेमचंद विवि का शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं उद्यानिकी विवि में प्राध्यापकों की भर्ती तथा अन्य कार्यों को लेकर विरोध चल रहा है। जबकि खैरागढ़ संगीत विवि में प्रतिभाओं को उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा है।

रायपुर 6 दिसंबर। जैतूसाव मठ पुरानीबस्ती में श्रीराम जी के विवाह पर विवाह गीत की गूंज होती रही। सुंगधित तेल चन्दन,हल्दी का लेप प्रभु रामजी, माता सीता एवं तीनों भ्राताओं को लगाया गया। अनेक व्यंजन,फूल,वस्त्र,आभूषणों ,से श्रृंगार करके प्रभु राम-सियाजी के ब्याह गीत गाए गए।

कांग्रेस में एक्सरसाइज की जरूरत: सिंहदेव

रायपुर 6 दिसंबर। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान, कांग्रेस की लगातार हार के बीच बोले टीएस सिंहदेव, कहीं कम, कहीं ज्यादा कमियां हैं- सिंहदेव. कांग्रेस में एक्सरसाइज की जरूरत है- सिंहदेव, संगठन में काफी काम करना है- सिंहदेव. हमें जानना पड़ेगा लगातार क्यों हार रहे हैं: सिंहदेव, क्यों 71 से 35 सीटों पर आ गए- सिंहदेव, क्यों लोकसभा में 2 से 1 हो गए- सिंहदेव, 'राजनांदगांव, जांजगीर, कांकेर जीत सकते थे क्यों हारे'. 'हमें हमारी कमियों का आंकलन कर दूर करना होगा', 'कार्यकर्ताओं को ये ना लगे उनकी चलती नहीं है', 'ऐसा हुआ तो वे अपने क्षेत्र में और अधिक काम कर पाएंगे।

साय सरकार में धान खरीदी तेज रफ्तार से : संदीप शर्मा

रायपुर 6 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर औचक निरीक्षण को महज सियासी ड्रामेबाजी बताया है। श्री शर्मा ने कहा है कि इस कथित निरीक्षण के नाम पर प्रदेशभर में सुव्यवस्थित रीति से चल रही धान खरीदी की प्रक्रिया में खलल पैदा करना और धान खरीदी को लेकर झूठे तथ्यों के साथ प्रदेश के किसानों को गुमराह करके उन्हें उकसाना और फिर अव्यवस्था व अराजकता फैलाना ही कांग्रेस नेताओं का एजेंडा है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के नेतृत्व में इस वर्ष धान खरीदी तेज रफ्तार से चल रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि दरअसल कांग्रेस को यह हजम ही नहीं हो रहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी अवरोध और अप्रिय प्रसंग के सुव्यवस्थित रीति से प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और समर्थन मूल्य तथा अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि बारदाना और टोकन को लेकर कांग्रेस ने लगातार झूठ फैलाकर किसानों को उकसाने की नाकाम कोशिशें करके मुँह की खाई है। आज प्रदेश की भाजपा सरकार ने बारदाना संकट का सौहार्द्रपूर्ण समाधान किया है, जबकि कांग्रेस की भूपेश सरकार हर साल बारदाना के नाम पर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ने में लगी रहती थी। इसी प्रकार तुहँर हाथ तुहँर टोकन एप के जरिए किसानों को स्वतंत्रता दी गई है कि वह स्वयं अपना टोकन स्वयं काट सकें और इस ऐप के माध्यम से किसानों ने लगभग 45 हजार टोकन स्वयं काट लिए हैं। आगे की धान खरीदी के लिए लगभग एक लाख से ज्यादा टोकन जारी किए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों का पूरा धान नहीं खरीदने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के दरअसल अपना गिरेबाँ झाँक लेना चाहिए जब उसके शासनकाल में किसानों का धान खरीदने से बचने के लिए गिरदावरी आदि तमाम छल-प्रपंचों का सहारा भूपेश सरकार लेती थी।

बारदाने की कमी, घोषित मूल्य से कम राशि दिए जाने पर किसानों में आक्रोश

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 दिसम्बर। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की घोषणा की गई है लेकिन ग्राउंड लेवल पर स्थिति ठीक विपरीत है। यहां पर सरकार द्वारा 31 सौ रुपए प्रतिक्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया गया है लेकिन प्रतिक्विंटल 2317 रुपए का ही भुगतान किया जा रहा है। वहीं बारदाना नहीं होने से किसान परेशान हैं। सरकार की वादाखिलाफी को लेकर अब कांग्रेस सहित अनेक किसान हितैषी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

राज्य में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। धान खरीदी का मुख्य कार्य शासन के दो विभागों द्वारा किया जाता है। कहने को तो नोडल एजेंसी मार्कफेड को बनाया गया है लेकिन धान खरीदी के टोकन एवं धान के तौल वितरण का काम समितियों को दिया गया है। यह कार्य सहकारिता विभाग करता है। लेकिन धान के भुगतान का कार्य खाद्य विभाग के अधीन आता है। प्रत्येक जिले में कलेक्टर नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। इन दोनों विभागों में आपसी तालमेल नहीं होने के कारण किसान परेशान हो गए हैं। राज्य में 2300 से अधिक धान खरीदी केंद्र हैं। यहां पर टोकन को लेकर घालमेल किया जा रहा है। किसानों का खरीदी के लिए पंजीयन कराया गया है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि भूमि एवं राजस्व विभाग की ऋण पुस्तिका एवं आधार कार्ड के आधार पर पंजीयन किया गया है। किसानों का कहना है कि राज्य में छोटे किसान जो कि 10 एकड़ से कम जमीन वाले हैं उनके धान की खरीदी को प्राथमिकता दी जा रही है। सहकारी समितियों के कर्मचारियों के अचानक हड़ताल पर चले जाने के कारण भी व्यवस्था गड़बड़ा गई है।

किसान नेता धनेन्द्र साहू ने आरोप लगाया है कि राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। धान की तौलाई उचित माध्यम से नहीं की जा रही है। बारदाना को लेकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। बारदाना के लिए पिछली सरकार ने मार्केफेड सहित अन्य कंपनियों को भी नकद लेकर बोरा प्रदाय करने की योजना बनाई थी लेकिन यह योजना भी सफल नहीं हुई। मार्केफेड के अधिकारियों का कहना है कि इस समय धान खरीदी उचित माध्यम से चल रही है। धान खरीदी को लेकर अनावश्यक विवाद किया जा रहा है। तत्काल भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में सरकार द्वारा घोषित मूल्य 31 सौ रुपए के स्थान पर जो अंतर की राशि आएगी उसका भी भुगतान कर दिया जाएगा। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य के अलावा बोनस की राशि बढ़ा दी गई है। जिससे किसान पंजीयन करा रहे हैं। राज्य में पंजीकृत किसानों की संख्या 23 लाख पहुंच चुकी है। सरकार द्वारा 120 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। फिलहाल धान कटाई जोरों से चल रही है जिसके चलते धान बेचने के लिए खरीदी केंद्रों में जमावड़ा लगते जा रहा है। किसानों में सरकार वादाखिलाफी को लेकर रोष है।

हर घर और परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ देंगे : सोनी

रायपुर 6 दिसंबर। नवनिर्वाचित विधायक सुनील कुमार सोनी की आभार रैली दक्षिण विधानसभा के 3 वार्डों के मुख्यमार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान उन्होंने आमजनों का अभिवादन करते हुए ऐतिहासिक जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों एवं नृत्य के साथ आभार रैली की अगुवाई की। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया और इस विश्वास पर हम खरा उतरेंगे। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देने के लिए निकला हूँ और मैं वादा करता हूँ कि हर घर और हर परिवार को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। विकास की बयार हर दरवाजे पर होगी कोई घर या परिवार विकास से अछूता नहीं होगा।

आभार रैली का शुभारंभ सिद्धार्थ चौक से किया गया। रैली भारतीय जनता पार्टी पुरानी बस्ती मंडल के तीन वार्ड क्रमशः

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड तथा मोरेश्वर राव गद्दे वार्ड में समाप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्रवाल, रमेश सिंह ठाकुर मोहन एंटी, रामकृष्ण धीवर, सालिक सिंह ठाकुर, सुभाष तिवारी, सुनील वान्दरे, आशीष धनगर, अभिषेक तिवारी, श्यामसुंदर अग्रवाल, बद्री गुप्ता, चंद्रपाल धनगर, मनीष करनभुंजे, गौरी यदु, कविता साहू, रानू धनगर, चक्रधारी जगत, संतोष छत्री, मनीष मिश्रा, बबन शाह, पिन्टा यादव, मंजू मयंक श्रीवास्तव, सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण, व्यापारीगण, महिलायें, युवा, भाजपा पदाधिकारीगण, नेतागण, पार्षदगण, मंडल पदाधिकारीगण, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, शक्ति केन्द्र तथा बुथ अध्यक्ष एवं उनके टीम के सदस्यगण सहित हजारों की संख्या में आम नागरिकगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

रायपुर 6 दिसंबर। बाबा गेला राम साहिब की 16वीं बरसी पर आज पहुंचे अनुयायियों ने रैली निकाली।

विद्यार्थियों के लिए ई- कंटेंट को उपयोगी बनाना शिक्षक की जिम्मेदारी: पांडेय

रायपुर 6 दिसंबर। विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ÷ई कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ़ स्टडीज÷ विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का उदघाटन समारोह अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं खगोल विज्ञानी प्रो. एस.के. पांडेय (पूर्व कुलपति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वर्कशॉप के उदघाटन अवसर पर प्रो. एस.के. पांडेय ने कहा कि ई कंटेंट को विद्यार्थी के लिए उपयोगी बनाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है ।हम डिजिटल इंडिया के सही भागीदार तभी होंगे ,जब आवश्यकता के अनुसार ई कंटेंट का उपयोग करना सीख जाएंगे ।यह आज के वक्त की मांग है। विकसित भारत डिजिटल इंडिया से ही संभव है और डिजिटल इंडिया ई कंटेंट के सही उपयोगिता पर निर्भर है।उन्होंने कहा विज्ञान और तकनीक ने बहुत कुछ दिया है ,आज इंटरनेट का जमाना है। पर यह उपयोगी होने के साथ-साथ आज की युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक भी है। इसलिए इसके गलत उपयोग से बचते हुए सही उपयोग के लिए विद्यार्थी को मार्ग प्रशस्त करना प्राध्यापकों की जवाबदारी है ।अतः ई कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर वर्कशॉप का आयोजन वर्तमान समय में आवश्यकता के अनुरूप है।

इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि ई कंटेंट डेवलपमेंट से अध्यापकों को अपडेट करने के लिए और वर्तमान समय में शोध के लिए उपयोगी यह कार्यशाला निश्चित ही अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल होगा। इस अवसर पर विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए ।पहले पढ़ने के लिए मटेरियल नहीं था ।भाषा की भी समस्या थी। पर आज डिजिटल युग में हर विषय में ढेर सारे मटेरियल उपलब्ध है ।इसमें विद्यार्थी के लिए कौन सा उपयोगी है और कितना विश्वसनीय हैं, यह ई कंटेंट के विषय में बहुत बड़ी समस्या है ।अतः इस समस्या के समाधान के लिए विषय विशेषज्ञों की मदद से जानकारी प्राप्त होगा तो निश्चित ही प्राध्यापकों और शोधार्थी को लाभ होगा। इसके पूर्व तीन दिवसीय कार्यशाला के कार्यक्रम का विवरण विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ने प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन विवेकानंद कॉलेज के प्रबंध संकाय विभागाध्यक्ष डॉ .अशोक कुमार झा ने किया।

उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार पटले (एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडीज कंप्यूटर साइंस पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए ई- कंटेंट के लिए विभिन्न प्लेटफार्म को उपयोग करने की विधि से अवगत कराया ।साथ ही उन्होंने ई कंटेंट एनालिसिस, डिलीवर प्रोसेस और इफेक्टिव बनाने के मेथड से अवगत कराया ।द्वदूसरे तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ .महेश एन. जीवानी(प्रोफेसर एवं हेड डेवलपमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात)ने अपने व्याख्यान में ए. आई .के प्रयोग द्वारा इफेक्टिव पीपीटी एवं वीडियो बनाने के मेथड से अवगत कराया।

सुंदर नगर वार्ड में आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर

रायपुर 6 दिसंबर। पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 में आयुष्मान कार्ड बनाने और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने हेतु शिविर लगाया गया हैं । वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि 11 दिसम्बर तक वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए वार्ड के नए मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों वे अपना 10 वीं की अंकसूची , अपना आधार कार्ड , अपने माता पिता का वोटर कार्ड लेकर वार्ड के पंडित सुन्दर लाल शर्मा स्कूल , बिन्दा सोनकर स्कूल , अशवनी नगर सामुदायिक भवन और गाँधी नगर सामुदायिक भवन नगर निगम में जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं । ऐसे मतदाता जिनका नाम पिछले विधानसभा उपचुनाव में किसी कारणवश विलोपित कर दिया गया था वह भी जाकर अपना वोटर कार्ड , घर का बिजली बिल , राशन कार्ड , आधार कार्ड लेकर शिविर में अपना नाम पुनः मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने रायपुर कलेक्टर एवम नगर निगम आयुक्त से माँग की है कि आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर को 15 दिसम्बर तक आगे बढ़ाया जाए जिससे 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड उनके ही घर के पास ही बनाया जा सके ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26